SHRl MURASOLI MARAN: Have you revoked the arrest warrant or not?

SHRr SOMAPPA R. BOMMAI; The Law Minister is committing contempt of Court. Courts cannot be influenced by discussion or debate in the House. *{Interruptions).*

SHRI H. R. BHARDWAJ; You cannot raise this question. *(Interruptions)*

SHRI SOMAPPA R. BOMMAI; He is committing contempt of Court.

SHRI H. R. BHARDWAJ; You are committing contempt of Court. *(Interrupt.ions).* You cannot avgue like that. *{Interruptions),*

THR DEPUTY CHAIRMAN; Please take your seats.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : उपसभापति महोदय। ...(व्यवधान) यदि आप उसको लंबे समय तक ले के जायेंगे, कल वह इंडियन पासपोर्ट रिजैक्ट कर देता है, मानो दूसरी चीजें...(व्यवधान) आप क्या करेंगे ?

SHRI H. R. BHARDWAJ: They are miseadine the House. It is not correct. (Interruptions).

SHRI MURASOLI MARAN; The point is very 'imple, *(Inlernipiions).*

THE DEPUTY CHAIRMAN; I know that. just a minute. I have understood it *(Interruption).* Please, Please. Mr. Maran, I have understood it. I gave my ruling and the Leader of the House reacted to it

आप बोलने तो दीजिए। लॉ मिनिस्टर साहब दूसरी बात बोल रहे हैं..(व्यवधान) बैठ जाए।

Please. Will you please not confuse the whole i litter? There are two matters. One is the case which is going on in the Court about which the Law Minister has mentiond. We are not discussing anything sub *judice.* The thing is, hon. Members want to know whether the arrest, warrant has been revoked Or not. The Ledger of the House has said that he will convey this matter to tee Prime Minister, Let the Prime Minister deal withs[1] the matter. This matter ends now. Yes, Mr. M. A. Baby.

RE. SURRENDERING THE ECONOMY OF THE COUNTRY TO THE WORLD BANK—IMF COMBINE

SHRl M. A. BABY (Kerala); Madam, I expect that cutting across political differences being patriots, all the Members of this House will join their voice on the issue of the economic sovereignty of our country. Madam, ever since the decision of the Government of India to have loans and assistance from the World Bank and the IMF; there have *been* discussions regarding the conditionalities. Madam, now with pain I am forced to read certain portidns of a document, the World Bank document titled, 'India's Thivd National Seeds Project March-May, 199?. Review Mission'.

We vet on page 7 of this document that the World Bank's team has had the arrogance to give a direction to a Gov ernment department that there should be a Cabinet approval for the merge move of National Seeds Corporation and the State Farais Corporation of India by June 15, 1992. Madam, this is nothing but a naked insult to the national pride of OUT country. We can understand the World Bank and IMF insisting on the Government department to have consultations with thtm. But what is being done today is that day-to-day acti vities of the Government actions of the Government are being monitored. They are interfering with the jong term pers pective plan in a vital sector like agri culture. Madam, if this is allowed to contnine then We will continue to be an independent country de jure but *del* facto our economic sovereignty would be taken away by inter-international financial institutions dominated and controlled by the United States of America. In such a situation I expect the Government of India to come forward and make a statement. We have been hearing about the Dunkel

proposal. We have been hearing about the various devious rnean, through which the international financial Organisations have been trying to control, direct and decide the direction of our development activities. This kind of direction, arrogant direction is being give$_n$ to th$_e$ Gov-vernment departments. I want to know how the Government of India is reacting to this kind of a situation. I expect somebody from the Government to react to my submission.

SHRI DINESHBHAI TRIVEDI (Gujarat): Madam, if is a very serious matter. It has been reported that the agenda before the Government is given by the world Bank. They have agreed to a cut in the SIR that is the Statutory[I] Liquidity Ratio and a cut in the Cash Reserve Ratio. They have also agreed to a cut in the interest rate and a hike in the pi ices of petroleum when we are talking of inflation. They have agreed to hike the prices of petroleum and hike power tariff. They have also agreed *to* privatise the commercial banking sector. We have already debated on the 'exist policy' and that also has been agreed upon They have also agreed upon libe-ralisation of consumer goods as far as multinationals are concerned. That is the reason why they are talking about delicensing, 'exit policy' etc. This is a very very serious matter and I demand that the Finance Minister come here and clarify the matter once and for all-

SHRI IAGESH DESAI (Maharashtra): Madam Deputy Chairperson, if they give advice on macro-economic poli-cies, to some extent that is tolerable. But in the case of micro-economit policies like merger of these) two colorations, if this type of direction is given to the Government it is very humiliating. We cannot tolerate this. If the World Bank does not want *to* give my aid we shall accept it. But this kine of condition, this kind c;f attitude of the World Bank o$_r$ the USA we shall no; tolerate. By the 15th of June they have given a direction to the Government to clear this. I would like to know from the Government whether th©

Government has taken any decision. To day also I read a report that two ex perts on nuclear energy from the USA have also recommended that no aid should be given to the Indian science institutes. If ithis kind of arm-twisting is done by the USA because they have th$_c$ muscle power we are not going to *succumb. T am happy that the Govern ment has taken a decision. I think so. In the case of private sector also they did not want that we should give more than 20 per cent advance. I am happy that the Government has decided that 40 per cent advance to the priority sec tor by the banks will continue. I am very happy about that. I am ver$_v$ happy the Government hag decided that sunsidies to the public distribution system will be continued. I urge upon the Governmens that if they succis to the pressure, then the people of the country wil] not spare us. They are watching the action of the Government. And I am sure that the Government will not succumb to any kind of pressure from the United States or the World Bank and the Government must make it very clear that they have not accepted their conditions.

SHRI KAMAL MORARKA (Rajasthan): Madam I fully snpport what my friend, Mr. Jagesh Desai,. has said. Madam, the issue is, we havs been discussing in this House about, the change in the Government policies, etc., etc. Here, the specific issue is— T don't blame the World Bank today—the World Bank wants to push India into a particular direction. They are going according to plan. They have also said in their projection of what they call correction of the economy' that there will b$_e$ a phase of stagnation. There wi1l be stagnation in the economy and inflation. It is for the Indian Government to see whether all these are acceptable to us. Over the last one year, whenever we accused the Government of changing the nationality accepted policies, the Government has been telling us, "No, we are not deviating from any of the policies being followed in *he country for the last so many years except minor corrections that are required because the world scenario has

changed." Now the claim of the Government is hollow because at every stage when some leakage conies, even in this case, the Government is going to tell us, "No, we are going to merge this Corporation not because the World Bank has told us but because we feel that it should be merged." Now who is doing to draw the line? The other day when the Eighth Plan matter came, Pandit Sukh Ram was trying to tell us that the World Bank report has not come. But the newspapers have printed a document where it is proved now that they have got it. Mr. Manmohan Singh will always tell us, "No, the old economic policies will have to be discarded because the world scenario has changed." Madam, I think it is very clear now that the World Bank has prepared a whole strategy about where they want to take India. They are going according to plan. It is for the Government of India, even now, to realise that we are falling in this trap. Last year 90 per cent of the total aid that they have received has gone for repayment and debt servicing. We are already in a debt trap. I don't understand Mr. Manmohan Singh economics. He knows far more than any of us. But T want to warn the Government that over the last one year, the general atmosphere being created is that the economists, the World Bank and the experts have more authority on this country than the people elected by the people of India. The politicians are being run down. The Reserve Bank Governor makes a statement against the politicians. The Finance Minister's tone, the general tenor in the House is, as if we people don't know anything; this is a far higher subject. Madam, one must come to terms. This country belongs to the people of this country. Ultimately, no economist, no Finance Minister, will be able to operate unless he becomes accountable to Parliament, to both the Houses of Parliament. They have already taken us far enough. In the last one year, they have disregarded Parliament as never before. But they must stop now. Wo must know dearly what promises they have made to the World Bank. Let them come out with a white paper. Whatever mistake they have made, have been made. But for heaven's sake, they must stop making further commitments to the World Bank without commitments to the World Bank without taking Parliament into confidence and getting me specific approval of Parliament. I think we are going too far. Even in the minor case of seeds Corporation also, the World Bank is involved. I am sure, in the public sector undertakings, they must have made a study and told us which one to close and whjch not. live nave referred them to die BIFR. All this looks to the public at large like a sham. It is high time that the Government came out clearly and told as what were the commitments to the World Bank and they should not make any commitment which compromises the dignity and honour of the country.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Chaturvedi, you want *to* say something. .. . *{Interruptions)* I have allowed Mr. Chaturvedi. . . *{Interruptions)*

श्री शंकर दयाल सिंह : (बिहार) : मैडम, आप इसके बाद हमें समय दीजिएगा।

उपसभापति : कोई मोशन तो है नहीं, कोई डिस्कशन तो है नहीं ।

श्री शंकर दयाल सिंह : मैडम, मैं यह कहता हूं कि आप पहले चतुर्वेदी जी को बोल लेने दीजिए लेकिन उसके बाद हमें बोलने दीजिए ।

उपसभापति : शंकर दयाल जी, उन्हें जरा बोलने दीजिए ।

श्री शंकर दयाल सिंह : : मोशन न रहे, मगर अपनी बात हम भी कहना चाहते हैं मैडम ।

उपसभापति : आपकी भावनाओं की मैं कद्र करती हूं, मगर उन्हें बोलने दीजिए।

SHRI TRILOKI NATH CHATURi-VEDI (Uttar Pradesh): Madam Deputy Chairparson, the matter to which attention has been drawn by the hon. Member is a very grave one. Every time we are assured that so far as the Govemment of India is concerned, in economic matters, it takes its own decisions. There

[Shri Triloki Nath Chaturvedi]

are a large number of leakages and all of us who have had any opportunity to see th© documents of the World Bank and other financial institutions are fully aware of the fact that the decisions are being clearly dictated from extraneous sources. We are in a position where we are just begging. When we are asking for aid, we do not bother about our dignity through very strong affirmation is made in this House and outside that the Government is conscious. But the fact is that one who borrows, one who begs, his hand is physically lower and his eyes are physically lower aodtbe one who give, his hand as well as his eyes are always, up and that is why we are repeating our economic sovereignty. The basic point is that the Government should be clear whether we are being dictated to or not, and vedy often it is said that the decision of the Government of India are their own. But that is not a fact. It is also being said that there is no change in the policy, though my hon. friend, Mr. Kamal Morarka, has said that there is a change in the policies. But the Go\ eminent always says that it stands b\ the basic policies and it is only a new direction which is being given. But this new direction is obviously and completely undermining the basic policies. There is a ritualistic homage being paid to the so-called old and fundamental policies, the basic policies. But then, there is a sea-change in the attitude and the approach and that is where we are compromising the dignity of the country and the House. Any number of Govern-ment documents can be produced. We are really abdicating the responsibilty to take decisions to the economic authorities outside and especially the financial institutions which are under their control arid who have their own interests, their own approaches of different kinds.

श्री शंकर दयाल सिंह : महोदया, ये . . . **(व्यवधान)**

उपसभापति : आप जरा संक्षेप में बोल दीजिए क्योंकि काफी विस्तार में बोला जा चुका है ।

श्री शंकर दयाल सिंह : : मैडम, मैंने अभी शुरू भी नहीं किया तो आप कैसे समझ गई कि विस्तार में जाऊंगा !

उपसभापति : मैंने पहले से ही ब्रेक लगा दिया ।

श्री शंकर दयाल सिंह : जो लोग विस्तार में गए, उनको आपने संक्षेप में बोलने के लिए नहीं कहा . . **(व्यवधान)**

उपसभापति : मेरा अब गला दुख रहा है . . . **(व्यवधान)**

श्री शंकर दयाल सिंह : जो एकदम संक्षेप के लिए खडा हुआ है उसको पहले ही आप धमका रही हैं . . **(व्यवधान)**

उपसभापति : शंकर दयाल जी, मेरा गला दुख रहा है ।

When you are speaking, it is difficult for me to stop you.

श्री शंकर दयाल सिंह : आपका तो मैडम, गला दुख रहा है, मेरी तो आपकी ओर देखते-देखते आंखें दुख गई कि कभी मेरी ओर नजर जाएगी . . **(व्यवधान)**

महोदया, देखिए यह एक गंभीर मामला है और गंभीर मामला इसलिए है यह ठीक है कि पार्लियामेंट के अधिकांश सदस्य लोग जो बातें यहां उठाते हैं और बाहर जो बातें होती रहती हैं उनमें सामंजस्य रहता भी है और कभी-कभी नहीं भी रहता क्योंकि बहुत बौद्धिक बात यहां होती है लेकिन जब तक वर्ल्ड बैंक के बारे में ये खबरें समाचारपत्रों में आ रही थी कि उनके अनुसार हमारी एकोनोमी जो है वह ढाली जा रही है, नयी आर्थिक नीति और नयी औद्योगिक नीति, तब तक तो वह मामला इस सदन में बडे जोरों से उठ रहा था । अब यहां तक बात आ गई कि औद्योगिक नीति हमारी प्रभावित हो रही है जिसके तहत उन्होंने कहा कि आप पब्लिक सैक्टर्स को बंद कीजिए, आज हमारे सामने यह समस्या भी आ रही है कि वहां से ये डॉयरेक्शन आ रहा है कि नेशनल सीड कारपोरेशन और स्टेट

फार्म्स कारपोरेशन आफ इंडिया के मजंर की बात भी आ गई है ।

मैं महोदया, केवल संक्षेप में यह कहना चाहता हू कि भारत के किसानों ने किसी बाहर की तकनीक को लेकर अपनी उन्नति कभी नहीं की थी। बराबर अपने परिश्रम और अपनी निष्ठा के बल पर की थी और हमारे वैज्ञानिक इसके लिए सक्षम थे। सक्षम नहीं होते तो डा० स्वामीनाथन को अभी इसके लिए बाहार बुलाकर वर्ल्ड एक्सपर्ट नहीं माना गया होता ।

मैं केवल यह कहना चाहता हू कि 1989-90 में 171 मिलियन टन जहां हमारा प्रोडक्शन था, 1991 में 176.2 हुआ और 1991-92 में 171.2 और 172.6 हमारा प्रोडक्शन हुआ, इसके लिए हमने कहीं से लोन नहीं किया । तो इसलिए मैं आपसे निवेदन करता हू कि सरकार इस बात को स्पष्ट करे और करना चाहिए कि हमारी जो हर प्रकार की बातें और समस्यायें होती हैं खासकर ग्रामीण विकास में, उनके बारे में हम किसी के मोहताज नहीं होंगे और अपनी नीति के अनुसार हम चलेंगें । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपका धन्यवाद करता हूं ।

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): Madam, the Home MiniGter must clarify . . *(Interruptions)* . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN} Why the Home Minister?. . . *(Interruptions)* .. . Why the Home Minister?. . . *(Interruptions)* , . . That is what I am asking.

SHRI SUKOMAL SEN; Thes© issues are being raised in Parliament. Daily news is coming that the Government of India is surrendering to the World Bank and the World Bank—IMF combine is putting pressure on the Government on every detail of the economic and the industrial policies. Every day it is happening and every day tney get up and say "No, we are taking independent decisions. We are not surrendering to the World Bank." How ^n come? How are these reports publmta-ed? How are these reports available? Tnese reports themselves say.. .*(Interruptions)* . . .that the World Bank-IMF combine is interfering with every detail of the Government's policies, industrial and economic policies of the Government. So, when will the Government stop this process of surrendering to the World Bank—IMF combine? What is the view of the Government on this? And, what is the agreement between the Government of India and the WorM Bank—IMF combine? They should clarify this to the Parliament and Parliament cannot be kept in th<s dark. This way they are surrendering the economy of the country to the World Bank—IMF combine.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Can we go ahead with the other problems? (Interruptions).. .Can we go ahead with other sssues? *(Interruptions)* .. .Can we go ahead with the other issues?

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Madam, they have diverted Rs. 395 cromes—*(Interruptions)* . ..

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am calling Mr. Muthu Mani now. . . *(Interruptions)* . . .

SHRI S. MTJTHU MANI (Tamil Nadu); Madam, I wish to bring to the notice of the Government. . . *(Interruptions)* . . .

श्री राम नरेश यादव : (उत्तर प्रदेश) महोदया, यह भारत की सप्रभुता से भी संबंधित प्रश्न है । ऐसी शर्तों पर अगर भारत अपने स्वाभीमान को छोडकर विदेशों के इशारे पर चाहे वह वर्ल्ड बैंक हो, आई एम एफ हो या कोई काम कर रहा है जिस तरह से समाचार आ रहे हैं, उस के संबंध में सरकार का दृष्टिकोण साफ होना चाहिए । सरकार को आश्वासन देना चाहिए कि किसी भी कीमत पर हम वर्ल्ड बैंक के सामने नहीं झुकेंगे । . . . **(व्यवधान)**

SHRI V. NARAYANASAMY; Madam, an assurance was given on the floor of

the House *by* the Home Minister that he would come out with a statement... *(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Statement about what... *(Interruptions)* ...

SHRI V. NARAYANASAMY: About the Power Finance Corporation diverting Rs. 395 *CTores...(Interruptidns)*.. .when Mr. V. P. Singh was the Prime Minister *...(Interruptions)...* Madam, this is a very serious matter... *(Interruptions)* ... The nation's funds have been diverted to the foreign banks. Earlier, I had raised this issue and the honourable Home Minister had assured us on the floor of this House that either the Power Minister or th«; Finance Minister would come and make a statement. Tomorrow, it is going to be the last day of the Session. .. *(Interruptions)* ...

SHRI MURASOLI MARAN; That Power Secretary has now become the Cabinet Secretary!... *(Interruptions)* ...

SHRI V. NARAYANASAMY; We have been waiting for the past three weeks and no statement has come so far. So, I want to know whether any statement o_n that is going to be made or not.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will find out from the Home Minister as to whether he will make a statement today or tomorrow. O.K.?

SHRI DIPEN GHOSH; Madam, an assurance was given. But the Minister has not made any statement so far... *(Interruptions)* . . .

THE LEADER OF THE HOUSE AND THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): Madam, actually, the subject has bee_n discussed at considerable length in both the Houses and the policy of the Government has been discussed at length in both the Houses of Parliament and what the attitude of the Government towairds the World Bank and the IMF is. Both the things have been discussed at considerable length. You cannot make every news item appearing in the newspapers a basis for discussion... *(.Interruptions)* ■ ■.

SHRI M. A. BABY; The World Bank document I am having now... *(Interruptions)* .

SHRI S. B. CHAVAN; The Finance Minister has made it very clear. However, I wiil again ask him if he has anything additional to bring before the House. Your feelings I will definitely convey to him. But the policy has been made very clear. Ultimately, it is not the World Bank or the IMF which i_s going to take a final decision, but it is the Government of India which will take the decision. And, if there are any compelling reasons. . . *(Interruptions)* ... Of course, I can well understand what you say... *(Interruptions)* . . . Now, with this kind of attitude, you would like to take political advantage of the same... *(Interruptions)* . . .

SHRI MENTAY PADMANABHAM; This is not taking any political advantage; these are hard facts. . . *(Interruptions)*. .. $_v$

SHRI S. B. CHAVAN; It is $_a$ totally different thing. The other day, the Finance Minister was very clear. Now. these are the things. Whether you would like to accept them or not to accept them, it is for you to choose. You cannot possibly dictate to the World Bank or the IMF from whom yon an asking f< loans. You also faced the same problem and we are also facing the same problem. That is why I say that I have to find out if any additional information has to be given to the House. I will definitely convey this to the Finance Minister.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now, I have to call Mr. Muthu Mani. He has been asking for permission since yesterday. He is a new Member and he needs protection.

SHRI S. MUTHU MANI (Tamil Nadu); Madam, I wish to bring to the notice of the Government a serious matter concerning 1,400 employees who hav* lost their livelihood.

The LIC, like the feudal overlords, has been adopting a policy of appointing eligible candidates and, after their serving for a period of time, terminating them

to avoid making them permanent employees. The employees who have served the LIC with dedication have been thrown out of their jobs in the most condemn-able manner.

Now, on the 27th July, 1992, the Madras High Court, unfortunately, dismissed the writ petitions filed by the affected people. However, natural justice has not been rendered to these persons who have rendered service for more than five years. Using this opportunity, the LIC threw these employees out even before the judgement copies were ready. There fore, I request the hon. Finance Minister to take a lenient view on humanitarian grounds and direct the LIC to re-instate these employees and save their future.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Two Ministers dealing with Finance are here. I am sure, they must have taken note of it-

आपकी क्या समस्या है सत्या बहिन जी? जल्दी से कह दीजिए । इतनी समस्याएं हैं कि हमारा अप्रोप्रिएशन रह जाएगा । ...(व्यवधान)

श्रीमती सत्या बहिन : (उत्तर प्रदेश) : मैं आपकी आज्ञा लेकर इस सदन के माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं । गृह मंत्री जी ध्यान देकर मेरी बात को सुनें ऐसा मैं अनुरोध भी करती हूं उनसे । उडीसा में...

श्री शंकर दयाल सिंह : आपकी ओर नहीं देख रहे हैं । माग्रेट आल्वा की ओर देख रहे हैं ।

उपसभापति : कोई बात नहीं । मैं सुन रही हूं । चेयर पर आप ध्यान दीजिए । बहुत गनीमत है । (व्यवधान)

श्रीमती सत्या बहिन : : वहां पर हफ्ते भर से आरक्षण विरोधी आंदोलन उडीसा में चल रहा है और इस तरह से वहां पर... (व्यवधान)

श्री शंकर दयाल सिंह : : गृह मंत्री जी सत्या बहिन की ओर नहीं देख कर माग्रेट आल्वा की ओर देख रहे हैं ।

श्री एस०बी० चव्हाण : असल में हर स्पेशल मेंशन के लिए मुझे रिएक्ट करने की जरूरत नहीं है । ऐसी बात जब लिखकर आएगी तो उसका जवाब दे दिया जाएगा ।

श्री शंकर दयाल सिंह : यह स्पेशल मैंशन नहीं है स्पेशल निवेदन है आपसे उनका ।

उपसभापति : आपका व्यवस्था का प्रश्न यह तो नहीं है मालवीय जी ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : होम मिनिस्टर साहब ने मुझ से बात की तो आपको क्या आपत्ति है । (व्यवधान)

श्री शंकर दयाल सिंह : : मारग्रेट आल्वा जी पीछे किसी से बात कर लें लेकिन मेरी आंखों के सामने किसी से बात करेंगी तो जरूर मेरी नजर वहां जाएगी ।

उपसभापति : आपकी यह समस्या तो नहीं थी ? (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : (उत्तर प्रदेश) दो बार सदन में इस बात को उठा चुका हूं कि रक्षा मंत्री चीन गये थे पांच दिन वहां रहे । पहली बार ऐसा हुआ कि भारत के रक्षा मंत्री वहां के प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री से मिले । मैं दो-दो बार यह मामला इस सदन में उठा चुका हूं और माननीय गृह राज्य मंत्री श्री जैकब ने आश्वासन दिया था कि रक्षा मंत्री से बात करके सदन को अवगत कराया जाएगा । 30 जुलाई को लौट कर आए और करीब-करीब 18 दिन हो गए । मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हू वह सदन के नेता भी हैं कि रक्षा मंत्री की चीन के प्रधान मंत्री और वहां के रक्षा मंत्री से क्या बातचीत हुई इस चीज को सदन के अदर क्यों नहीं बताया जाता ? सदन को सुरक्षा क्यों नहीं दी जाती ? अखबारों में आ रहा है । उससे भ्रम फैल रहा है ।

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

चव्हाण साहब मेरा आपसे निवेदन है, जैकब साहब इस सिलसिले में आश्वासन भी दे चुके हैं ।

tnat ne he contact the hon. Defence Minister and will request him to apprise the House about his recent visit to China. What has happened to that assurance? *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN; It is about the Defence Minister's visit to China.

चलिए, अब क्या हो गया आरक्षण का ?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या कहा चव्हाण साहब ने ?

उपसभापति : वह पुष्टि करेंगे इसकी ।

श्रीमती सत्या बहिन : मैं यह कहना चाहती हूं कि उड़ीसा में पिछले हफ्ते से नहीं बल्कि पिछले महीने से आरक्षण विरोधी आंदोलन चलाया जा रहा है और बराबर जोर पकड़ता जा रहा है । जहां तक मैं समझती हूं इसमें नेताओं का हाथ है । राजनीतिक दलों के लोग, किसी भी दल के हों सकते हैं, मैं नाम नहीं लूंगी, लेकिन वे उस आरक्षण विरोधी आंदोलन को शह दे रहे हैं । वहां की सरकार आरक्षण विरोधी आंदोलन जो चल रहा है उसको रोकने का कोई इरादा नहीं रखती है । यह बहुत गम्भीर बात है और उसकी प्रतिक्रिया देश के दूसरे भागों में भी हो सकती है । पिछले दिनों हम लोगों ने आरक्षण के सावल पर भोगा है । मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि आरक्षण के खिलाफ जो आंदोलन चल रहा है उसमें पूरी जानकारी ले और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे । आरक्षण दलित जातियों पर. . .

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now, we have to start the Appropriation. .. *(Inter-rfiptioni)*

श्री शंकर दयाल सिंह : हमारी सरकार, कांग्रेस की सरकार आरक्षण विरोधी आंदोलन चला रही है इसलिए इस बारे में नीति साफ होनी चाहिए और इसके लिए सदन को वहां की सरकार को बधाई देनी चाहिए । बीजू पटनायक ने वहां आरक्षण नीति को कायम किया है । उसका विरोध न किया जाए । **(व्यवधान)**

श्रीमती सत्या बहिन : वहां सरकार आपकी है । **(व्यवधान)**

श्रीमती मीरा दास : वहां की सरकार जब यह करती है तो क्यों दखल दिया जाता है । **(व्यवधान)**

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now, we will take up the Appropriations Bills.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) in the Chair

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI IAGESH DESAI); We will now take up the Appropriation (No.3) Bill, 1992 and the Appropriation (No.41 Bill. 1992, together.

The Appropriation (No.3) Bill, 1992, and

The Appropriation (No. 4) Bill, 1992. contd.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Respected Vice-Chairman. a_s I stated yesterday, according to the report submitted by the Government of India, public sectors are actually running in profit. In his statement submitted recently, the Leader of the House said that since we are seeking loan from the World Bank, we have to accept some conditionalities. What I want to ask is, who has led us to this precarious situation? In the year 1980, the Government had to make interest payment of Rs. 7400 crores per annum. In 1989, we had to pay interest of Rs. 28,500 crores per annum. It means that our liability towards interest payment increased four times. It means that our liability towards interest payment increased by 400 per cent. This is because of the callous manner in which

we received loans from the NRIs as well as financial institutions abroad. This is the situation that developed during the period l'rom 1980 to 1989. Who has led this conmtry to this position? Who has been ruling this country? I would like to Say thai the ruling party changed their policy from taxation to borrowing. That is a very important reason. It is due to their mitsrule that people in India have to bear the burden of interest payment.

Regarding unemployment problem, by the end of the 8th Man, about 5 crore and 80 lakh people will be unemployed.

Regarding the Gross Domestic Product, it has come down to 2.5 per cent and the apprehension is that it may further reduce and finally it may come down to 2 per cent or 1.5 per cent, whereas according to one estimate, the Government had thought that the GDP would rise up to 5.8 per cent. The price-rise is around 13 per cent. Regarding industrial production, it was estimated that it will be 6.8 per cent but it is the negative because of the way we are proceeding.

About our balance of payment position during the financial year we had a reserve of Rs. 8400 crores out of which we have to forgo Rs. 5400 crores for payment of principle amount of loan and interest thereon to foreign countries.

Our money supply has increased by 3 per cent, from 15 to 18 per cent. Our exports have declined, as I said yesterday. In 1991-92. against 17.8 billion dollars worth of exports, the figure was 18.1 billion do'Hars in the previous year. That means our exports during the last financial year had declined.

Regarding fiscal deficit, the Government Claims that the$_v$ ar$_e$ able to reduce the fiscal deficit. But that is aot so. How can they say that they are able to reduce the fiscal deficit? They are reducing the capital outlay and then they claim that they are able to reduce the fiscal deficit. If the capital outlay is reduced, it means that developmental activity is going to be affected in the country. The volume of growth in exports will also be reduced. Tan Government expects to achieve 11 per cent growth but they are not going to achieve it the way they are proceeding.

About the rate of interest, the Government is in a fix. Suppose the rate of interest is enhanced. In that caee further investment is going to be affected. If the rate of interest is lowered, I feel the money supply will increase. If money supply increases, automatically, we have to face an inflationary situation.

Th-n, why does migration from villages to urban areas take place? It is becaws ; of the difference in the wage level uetween the urban and the rural areas. Therefore^ we should see that agro-based industries are set up immediately .

In regard to privatisation, the Government says that it is the only route by which India can prosper. I feel that our policy should be to shift from private sector to the co-operative sector, then to the joint sector and, ultimately, to the public sector. But it is the other way round now. We are going from the public sector to the joint sector and then to the private sector. We are going backward instead of going forward.

In the matter of defence, we find that the low combat aircraft project is being slowed down because ot the financial crunch. Then, the Government says that the allocation to defence has gone up by 7.6 per cent. But if we take into account the rate of inflation which, according to the data supplied by the Government itself, is 12.6 per cent, in real terms, we ar$_e$ going to spend less on defence compared to the previous financial year.

Sir, so far, more than Rs. 3,038 crores worth of public sector shares have been disinvested. Who had given this advice for disinvestment? The advice for disinvestment was given by a person who himself was benefited by this disinvestment. The person who was involved in the securities scam, who was benefited.

|Shli & Viduthalai Virumbij by this, disinvestment, had advised the Government and the Governnment simply acted on his advice.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAj-GESH DESAI): Mr. Virumbi, last point.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, there is privatisation in every field. But it is very dangerous as far as education is concerned. If there is privatisation in the field of education, education would be commercialised. Once education is commercialised, the whole teaching profession would be commercialised. Ultimately, the future generation is not going to be benefited in any way. Even the Supreme Court had[1] given a warning to the Governments, the Central and thej State Governments, that they should put a stop to this tendency. But nobody, has paid any heed to this warning. If any Government, whether it is the Central Government or any State Government, privatises education, they would be doing more harm to the people, to the future generation. In fact, if there is more and more privatisation, in future, the people who come from the lower rungs of the society would not be able to go in for higher education and only the people who have a lot of money, even though their knowledge is less, would enter the various institutions and get their degrees. This is a very dangerous tendency. I want that this should be stopped once and for all. With these observations, I conclude. Thank you.

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार): उप-सभाध्यक्ष महोदया, विनियोग विधेयक, 1992 जो हमारे सामने प्रस्तुत है, उसके संबंध में मैं अपने विचार गांधी जी के इस विचार के साथ प्रारंभ करना चाहता हूं जो उन्होंने "मेरे सपनों का भारत" में लिखा है । यंग इंडिया में 26-3-1931 को गांधी जी ने लिखा था कि "मेरे सपनों का स्वराज्य तो गरीबों का स्वराज्य होगा। जीवन की जिन आवश्यकताओं का उपभोग राजा और अमीर लोग करते हैं, वहीं तुम्हें भी सुलभ होने चाहिए । इसमें फर्क के लिए स्थान नहीं हो सकता लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि हमारे पास उनके जैसे महल होने चाहिए । सुखी जीवन के लिए महलों की कोई आवश्यकता नहीं है । हमें महलों में रख दिया जाय तो हम घबरा जायेंगे । लेकिन तुम्हें जीवन की वे सामान्य वस्तुयें अवश्य मिलनी चाहिए जिनका उपयोग अमीर आदमी करता है । मुझे इस बात में बिल्कुल भी संदेह नहीं है कि हमारा स्वराज्य तब तक पूर्ण स्वराज्य नहीं होगा, जब तक वह तुम्हें ये सारी सुविधायें देने की पूरी व्यवस्था नहीं करता" ।

महोदया, गांधी जी के इस वाक्य के साथ में सरकार से कुछ सवाल प्रारंभ में ही पूछना चाहता हूं । मैं सवाल यह जानना चाहता हूं कि जो देश की वर्तमान स्थिति है, राजनीतिक झंझावात, आर्थिक अस्थिरता, नीतिगत डावांडोल स्थिति और किसी भी एक मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक विचार न करने का प्रयास इन सारी स्थितियों के बीच में हम खड़े हो कर आज इस विनियोग विधेयक पर बातचीत कर रहे हैं जो 263,41,36,760 और 12,15,00,000 रुपए का आपने हमारे सामने प्रस्तुत किया है । प्रारंभ में मैं इस बात को कह देना चाहता हूं कि अभी हमारे सामने जिन जिन मदों पर यह विनियोग विधेयक आया है और पैसे की मांग हुई है, मुझे देख कर आश्चर्य से अधिक दुख हो रहा है । और जिन मदों में मंत्री महोदय ने चाहा है वह अपनी जगह पर हैं, ग्रामीण विकास के लिए केवल तीन लाख रुपए हैं जबकि शहरी विकास के लिए आप स्वयं देखेंगे कि 2,15,00,823 रुपए हैं । मैंने इस लिए गांधी जी के वाक्य को सब से पहले आपके सामने रखा कि सरकार भी अपनी तस्वीर उस आइने में देख सकती है और उस तस्वीर को देखते हुए मैं पहले सरकार से यह जानना चाहता हूं । उसके बाद अपनी बात कहना चाहूंगा, इसलिए कि विगत दिनों में सरकार ने बहुत सी ऐसी बातें कहीं हैं जिनसे ऐसा पता चलता है कि सरकार कुछ करना चाहती है लेकिन हम जानते हैं सरकार कुछ भी करना नहीं चाहती । उस मुद्दे को रखते हुए मंत्री महोदय से जो स्वयं गांधीवादी निष्ठा के

व्यक्ति है, मैं जानना चाहता हूं कि क्या हमने भ्रष्टाचार कम किया है? क्या हमने मूल्य वृद्धि को रोका? क्या हमने रुपए की कीमत बढ़ाई? क्या हमने फजूलखर्ची को बंद किया? क्या हमने बैंक तथा दूसरे घोटाले जो वर्षों से आते रहे हैं उन पर नियंत्रण किया या उन्हें कम किया? क्या हमने अपने निर्यात में बढ़ोत्तरी की? क्या कृषि और उद्योगों का संतुलन स्थापित करते हुए कृषि पर अधिक व्यय की नीति हमने बनाई? क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना में जो लक्ष्य हैं उनको हम प्राप्त कर सकेंगे? इन सवालों को पूछते हुए जवाब भी मैं खुद ही देना चाहता हूं कि नहीं, नहीं, नहीं बिल्कुल नहीं। इसलिए कि सरकार की नीयत इस ओर नहीं है। महोदय, भारत गरीब देश नहीं है लेकिन भारत के लोग गरीब हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): This is what late Shri Krishna Menon had said that ours is not a poor country, it is a country of poor people.

SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: rhat is what I want to say. जैसे कि मैं कह रहा था कि हमने अमीरी और गरीबी की रेखा इस तरह से बढ़ा दी है कि सपने तो हमने बहुत देखे लेकिन उन सपनों को हम ने साकार नहीं किया। आज भी जो आंकड़े हमारे सामने आते हैं उनके अनुसार पूरी जनसंख्या का एक तिहाई या 40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जी रहे हैं या जीने के नाम पर मर रहे हैं, अर्थी उनकी भले ही नहीं निकली लेकिन वे जिन्दा नहीं हैं। इसके लिए सब से बड़ी जवाबदेही किसी सरकार की होती है। उस सरकार की जवाबदेही और भी बड़ी होती है जो लोकतांत्रिक ढंग से चुन कर के जनता का वोट ले कर जनप्रतिनिधि के रूप में संसद में बैठती है। इसलिए सरकार अपनी बातों को समझे आज देश की वर्तमान स्थिति की गम्भीरता के बारे में रोज सदन में चर्चाएं होती हैं यह भी होता है कि विश्व बैंक का दबाव हमारे ऊपर बढ़ रहा है। यह भी होता है कि बाहरी ताकतों से हम ग्रसित हैं और उनके अनुसार हम अपनी नीति निर्धारण कर रहे हैं। यह भी होता है कि विदेशी कम्पनियां जो हैं वह हमारे यहां के कुटीर उद्योगों से ले कर कर सारी चीजों को समाप्त कर रही हैं। यह भी चर्चा बराबर हमारे यहां हो रही है कि पब्लिक सेक्टर जो जवाहर इरा में बड़े बड़े पब्लिक सेक्टर औद्योगिक प्रतिष्ठान सार्वजनिक संस्थान कायम हुए थे उनको यह सरकार स्वयं ही गला घोंट कर मारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन बातों को मैं दोहराना नहीं चाहता हूं। लेकिन मैं आपके माध्यम से कुछ बातें सरकार से अवश्य कहना चाहता हूं।

1.00 P.M.

जो बातें मैं कहना चाहूंगा वे समय की सीम के अंदर इसलिए कहूंगा कि उपसभाध्यक्ष महोदय, आपको घंटी बजाने की पीड़ा मोल नहीं लेनी पड़ेगी।

मैं यह चाहता हूं कि सरकार अपनी नीतियों के अनुसार तीन चार बातों पर निश्चित रूप से ध्यान दे। एक यह है कि कृषि उत्पादन में हमारी बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है और विगत 3–4 वर्षों से लगातार हम यह देख रहे हैं कि कृषि का उत्पादन हमारा जहां था वहीं रुक गया है। सबसे गम्भीरता से इस पर आपको इसलिए ध्यान देने की जरूरत है कि उद्योग और कृषि दोनों में संतुलन नहीं होगा तो देश चरमरा जाएगा। पिछले दिनों हमने सोवियत संघ की घटनायें देखी हैं। वहां उद्योग पर बहुत ध्यान दिया गया। उद्योग का दर्जा बढ़ते 62–65 परसेंट तक चला गया, एग्रीकल्चर 32 परसेंट पर चला गया। नतीजा यह है कि वहां के लोगों को एक एक टमाटर और सब्जी खरीदने के लिए दो दो किलोमीटर लम्बी लाइन लगानी पड़ती है, क्यू में खड़ा होना पड़ता है। हम बधाई दें अपने उस किसान को जिसने इस संसद भवन को नहीं देखा है, दिल्ली की चमचमाती हुई सड़कों को नहीं देखा है, राष्ट्रपति भवन को नहीं देखा है, सचिवालय को नहीं देखा है लेकिन जाड़े, गर्मी

[श्री शंकर दयाल सिंह]

और बरसात में अपने खेतों में काम करके वह 85 करोड़ लोगों को खिलाता है। कभी हमारी गिनती दरिद्र में थी। आज इस मायने में कम से कम हम दरिद्र नहीं है। हम खाने के लिए किसी दूसरे पर मोहताज नहीं रहे।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज़ादी जब आई थी तो उसके 5-7-10 वर्षों तक हमारा संक्रमण काल था। हमारे पास कपड़े नहीं थे, खाने के उतने साधन नहीं थे, बाहर से मंगाना पड़ता था। आज कम से कम बाहर के मोहताज नहीं हैं। मंगा लेते हैं लोग अभी भी लेकिन मंगाते हैं अपने लाभ के लिए और इसका विरोध भी हम प्रायः करते रहे हैं।

महोदय, मैं आंकड़ों के माया जाल में नहीं जाना चाहता हूं इसलिए कि बहुत बड़े बड़े अर्थशास्त्री हमारे बीच में हैं। उपसभाध्यक्ष जी आप स्वयं बड़े अर्थ-शास्त्री हैं जो कि आंकड़ों के माहिर हैं और आंकड़ों से या आकड़ों का बीज बोकर न तो धान पैदा हो सकता है न गेहूं की फसल उगाई जा सकती है इसलिए हम आंकड़ों की फसल नहीं उगाना चाहते हैं।

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : आगे उगाने के लिए लेकिन लक्ष्य रख सकते हैं।

श्री शंकर दयाल सिंह : असम्भव है जैसा कि भाई राम नरेश जी ने कहा हम यह कहना चाहते हैं। लेकिन हमने एक दो बातें क्यों केवल खाद्यान्न के बारे में कहीं हैं? इसमें हम आपको कहना चाहते हैं। अब ऐसा है कि जो हमने पिछले दिनों- बराबर मैंने इस सदन में भी कहा है कि जो हमने अपना लक्ष्य ग्रामीण विकास का रखा है वह अधिकतर हमारा लक्ष्य कागज तक रह जाता है उसका कारण यह है, जिसको बड़ी गंभीरता से समझने की जरूरत मैं समझता हूं कि गांव के लोग तेजी से शहरों की ओर भागे चले आ रहे हैं। गांव खाली हो रहे हैं, शहर भर रहे हैं और मेन कारण इसका यह है-सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिये कि जो थोड़ा भी पढ़ लिख गया, कहीं भी उसको रोजी रोटी मिल गयी वह पहला काम करता है कि गांव छोड़ो और शहर में आकर बस जाओ। जो लोग रिटायर कर गये, वे भी शहर में बस जाते हैं, गांव में लौटकर नहीं जाते। कोई जज हो गया, कलेक्टर हो गया, प्रोफेसर हो गया, या सरकारी कर्मचारी है वह गांव में नहीं लौटता है। नतीजा यह है कि जिनके अनुभवों के बल पर गांव का विकास हो सकता था वे शहरों में रह जाते हैं और शहरों का विकास होता है, गांवों का विकास बिल्कुल रुक गया है। आप इस चीज को देखें। तो सरकार पहली प्राथमिकता इस बात की रखे कि जिस बात की कल्पना गांधी जी ने की थी कि ग्रामीण भारत ही हमारा असली भारत है और ये खेत खलियान में काम करने वाले किसान ही सही भारतीय है, उनकी स्थिति को सुधारने के लिये जरूरी है कि आप गांवों को शहरों के अनुरुप भले न बनायें लेकिन गांव के लोगों को शहरी के अनुसार ही सुविधायें कम से कम आप जरूर प्रदान करें। पहली आपकी प्राथमिकता यह होनी चाहिये।

मैंने प्रारंभ में ही कहा था कि मैं ज्यादा समय आपका नहीं लूंगा। मैं चाहता हूं कि मैं देश से अब कुछ अपने प्रदेश की ओर जाऊं इसलिये कि विनियोग विधेयक पर बोलते हुये कम से कम इतनी बात अवश्य होती है कि हम अपनी समस्याओं को आपके सामने रख सकते हैं। मैं अपने प्रांत की बात इस लिये कर रहा हूं कि देश ठीक है, देश हमारा बहुत बड़ा है - जनसंख्या की दृष्टि से और क्षेत्रफल की दृष्टि से, लेकिन जो मानचित्र हमारे सामने है, उस मानचित्र में कुछ ऐसे प्रांत हैं, जो उत्पादन की दृष्टि से आगे हैं, लाभ की दृष्टि से बहुत पीछे हैं। इनमें तीन प्रांत निश्चित रूप से प्रमुख हैं

बिहार, मध्य प्रदेश और उड़ीसा। यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि आप पूरे खनिज पदार्थ की बात देख लीजिए, 40 प्रतिशत खनिज इन तीनों प्रांतों में हैं, सारे वहीं पर हैं और हमारा कंपलीट जो 40 प्रतिशत खनिज सम्पदा है और बारह सौ खानें उन तीनों जगहों में चलती हैं, चाहे वह कोयले की हों, आयरन ओर की हों, अबरक की हों, मैंगनीज की हों, लेकिन इतनी खानें उन जगहों में चलती हैं और हम तीनों मिल करके उत्पादन लक्ष्य—28 अरब 45 करोड़ का उत्पादन हम करते हैं जोकि इस देश के रेवेन्यू का एक बहुत बड़ा हमारा हिस्सा है। सिर्फ कोयले का उत्पादन हम 24 अरब 50 करोड़ का प्रति वर्ष करते हैं, लेकिन उसके बावजूद भी यह तीनों प्रांत आर्थिक रूप से पक्षाघात के शिकार हैं।

तो मैं चाहता हूं कि सरकार इन तीनों पर ध्यान दे और तीनों का नाम मैंने लिया है। लेकिन अब में केवल बिहार के ऊपर ही केंद्रित होना चाहता हूं और वह इसलिए—यह कहने की जरूरत नहीं है कि बिहार राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक तीनों रूपों में एक समस्याग्रस्त प्रांत है। उसकी ओर केंद्र का ध्यान नहीं गया।

उपसभाध्यक्ष जी, एक समय था जब जवाहरलाल जी यहां प्रधान मंत्री थे। उस समय राजनीतिक रूप से बिहार की हैसियत बहुत ऊंची थी और बिहार की उस समय तूती बोलती थी। हमारे यहां के बड़े-बड़े नेता यहां पर थे, बाबू जगजीवन राम जी थे, बलि राम भगत जी मंत्री हुआ करते थे, दूसरे भी कई लोग, हमारे सत्य नारायण सिंह बगैरह थे। उस समय नेहरू एरा में बिहार में जो बड़े-बड़े उद्योग...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) आप भूल गये कि हमारे जो फर्स्ट प्रजोडेंट थे, बाबू राजेन्द्र प्रसाद, वह भी बिहार के थे।

श्री शंकर दयाल सिंह : माफ करेंगे, मैंने राष्ट्रपति जी का नाम लेना उचित नहीं समझा था, लेकिन आपने उसकी पूर्ति कर दी। मैं धन्यवाद देता हूं। उस समय प्रथम राष्ट्रपति, डा. राजेंद्र प्रसाद भी बिहार के ही थे।

तो बिहार में नेहरू एरा में जो बड़े-बड़े उद्योग-धंधे कायम हुए, उसके बाद आप उठा करके नरेश को देखेंगे, तो कोई भी उद्योग नहीं लगा। नेहरू एरा में जबकि बिहार के लोग, प्रथम राष्ट्रपति से लेकर के दूसरे मंत्रिमण्डल में सात-सात मंत्री हमारे यहां से हुआ करते थे, उसी जमाने में बरौनी, सिंदरी, बोकारो, एच. ई. सी., रांची, इन सबों की नींव पड़ी और आज आप वहां जाकर देखेंगे कि वह सारा स्टाप हो गया है। यहां तक कि जो वहां सार्वजनिक इकाईयां हैं, जैसे सिंदरी है, बरौनी है, एच. ई. सी. है, तीनों के बारे में बार-बार इस सदन में आवाज उठती है कि उनकी हालत खराब है, सरकार उनको पैसा मुहैया नहीं कर रही है। सरकार इसकी ओर ध्यान नहीं दे रही है। लेकिन मैं केवल उन उद्योगों का हवाला देकर बिहार में मामले में चुप नहीं रहना चाहता हूं।

पिछड़ेपन का मुख्य जो कारण है, वह यह है कि जो प्रतिशत बिहार के विकास के लिए केन्द्र की ओर से जाना चाहिए, वह नहीं जाता है। पूर्ण निवेश हमारे यहां नहीं जाता है। यह आंकड़े अगर मैं आपको दूं, तो यह ऐसे आंकड़े हैं जोकि रोंगटे खड़े कर देते हैं। जबकि हमने आपको कहा कि हम देश के विकास की उत्पादतता में इतना प्रतिशत योगदान दे रहे हैं, लेकिन आप हमारे विकास या आप हमारी समस्याओं के निराकरण के लिए उतना नहीं दे पा रहे हैं।

हमारे मुख्य मंत्री, लालू प्रसाद यादव ने कई बार केंद्र को लिखा और कई बार वहां बातें चलीं और कितनी बातें अगर वहां सख्ती से नहीं की जातीं,

[[श्री शंकर दयाल सिंह]

हो केन्द्र की ओर से कुछ मिलता भी नहीं जैसे कोयले का और दूसरी चीज़ों की रायल्टी का जो हिस्सा हमको मिला है मध्य प्रदेश को भी मिला, उड़ीसा को भी मिला, बंगाल को भी मिला। सबको उससे लाभ हुआ। मैं समझता हूं कि उसकी ओर आपको ध्यान देने की जरूरत है। मैं मुख्य तौर से कन बातों की ओर, आपका बिहार की समस्याओं की ओर ध्यान देंगे इसकी ओर मैं सरकार का ध्यान अवश्य आकृष्ट करना चाहता हूं। एक तो हमारे यहां सब से बड़ी समस्या विद्युत की है। बिजली के साधन जब तक आप मुहैया नहीं करते हैं, विद्युतीकरण की स्थिति मंद रफ्तार यह है जिसके कारण वहां आर्थिक प्रगति भी नहीं हो रही है। बिहार में अभी प्रति व्यक्ति 94.1 किलोवाट बिजली का कंजम्पशन है, जब उपलब्धता है, जबकि आन्ध्र में भी 182.2, गुजरात में 303.6 और महाराष्ट्र में 313.9 किलोवाट की खपत प्रति व्यक्ति होती है। मैं आपको यह कह रहा हूं कि हमारे, इसलिए मैं कह रहा हूं कि थर्मल पावर की 7-7 योजनाएं केन्द्र के पास लंबित पड़ी हुई हैं। जब तक आप यहां से हरी झंडी नहीं दिखलाते है तब तक वहां पर क्या हो सकता है? इसलिए पहली बात तो यह कहना चाहता हूं कि जो भी आपके यहां, हमारे यहां से तीन तरह की योजनाएं केन्द्र के पास लंबित पड़ी हुई हैं। एक तो औद्योगिक विकास की योजना है, दूसरी विद्युत परियोजना है थर्मल पावर है और तीसरी जल संसाधन की परियोजना है यानी कि सिंचाई की। हमको और कुछ नहीं चाहिए, आप हमको सिंचाई मुहैया करा दीजिए और आप हमको बिजली दे दीजिए। हमारे यहां के किसान अगर उनको पानी मिल जाए, उपसभाध्यक्ष जी, तो पैदावार बढ़ जाए। होता यह है कि हमारे यहां के आधे से अधिक भाग में खेतों में पानी नहीं रहता है, किसानों की आंखों में अवश्य पानी रहता है। एक ओर खेतों में पानी के अभाव में दरार पैदा हो जाता है, दूसरी ओर किसानों के दिल में दरार पैदा हो जाती है। हम चाहते हैं कि आप सिंचाई की उपलब्धता बिहार में वैसे ही कर दें जैसे आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में है, हरियाणा में है, पंजाब में है। आप देखिए कि बिहार का किसान पंजाब और हरियाणा से कम पैदा करके आपको नहीं देगा। दूसरी हमने विद्युत परियोजना की जो बात आपको की कि विद्युत परियोजनाएं जो हमारे यहां की आपके यहां बहुत दिनों से लंबित पड़ी हुई हैं और बार-बार उसकी ओर कहा गया है कि मैं समझता हूं कि उसकी ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। 11 इस तरह की परियोजनाएं हमारी पड़ी हुई हैं। मुजफ्फरपुर थर्मल पावर स्टेशन, पटना (बिहटा) थर्मल पावर स्टेशन पतरातू थर्मल पावर स्टेशन नवीनगर (बरुण) थर्मल पावर स्टेशन, सोलर थर्मल पावर स्टेशन, चांडिल ताप विद्युत परियोजना, शंख जल विद्युत परियोजना, कनहर पप्पड़ स्टोरेज जल विद्युत परियोजना और कंदवा जल विद्युत परियोजना, इतनी योजनाएं पड़ी हुई हैं यहां पर और इसी तरह से अन्य भी जल की योजनाएं हैं।

आपका मैं इशारा समझ रहा हूं, लेकिन मैं अपना समय भी देख रहा हूं। 20 मिनट का हमारा समय है। महोदय, मेरा दो मिनट का समय बच रहा है।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): बचा तो नहीं है, मगर आप ले लीजिए।

श्री शंकर दयाल सिंह: दो मिनट का मेरा समय है, मैं तो घड़ी सामने रख करके आपसे बात कर रहा हूं। महोदय, जब भी कुछ बात होती है सरकार की ओर से यह कहा जाता है कि सरकार के पास केन्द्र सरकार के पास साधन नहीं हैं, राज्य अपने संसाधन जुटाए। कुछ हद तक आपका कहना ठीक है, लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार के पास इतना पैसा है कि 3500 करोड़ रुपये के घोटाले में आप बर्बाद कर सकते हैं और 3500 रुपये आप इस राज्य के विकास के

लिए नहीं दे सकते।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : वह केन्द्र का पैसा नहीं है।

श्री शंकर दयाल सिंह : मैं केवल यह कह रहा हूं कुछ ज्यादा बात नहीं आप तो माननीय उसके हैं, लेकिन जो वर्तमान समीक्षा है आर्थिक समीक्षा सरकार ने जो हमारे सामने पेश की है उसका केवल दिग्दर्शन कराने के लिए मैं कहना चाहता हूं। क्योंकि आज हर ओर जब भी सरकार ने कहा, लाल-किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री ने भी कहा और कल ठाकुर जी ने स्वयं कहा, कि सरकार के पास रिजर्व खाते में 17,448 25 करोड़ रुपए जमा हो गए हैं और जब वर्तमान सरकार ने चार्ज लिया था उस समय केवल 1000 करोड़ रुपया था। अगले हफ्ते क्या होगा, हमें इसकी चिन्ता है। आप अपने रिजर्व कोटे को दिखला रहे हैं। 17,448 25 करोड़ रुपए, लेकिन इस देश के ऊपर जो 1,09,991 रुपए का बकाया चला आ रहा है उस पर आपने ध्यान नहीं दिया। मैं कहता हूं कि आप ब्याज चुकाते जाइए, कर्ज लेते जाइए कर्ज बढ़ाते जाइए, इन सब आर्थिक डिटेल्स में मैं बहुत दूर तक न जाकर आपसे यही प्रार्थना करना चाहता हूं कि बिहार की जो योजनाएं आपके यहां लम्बित पड़ी हुई हैं, उनको आप यहां से क्लीयर कर दीजिए।

दूसरी बात, महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि राज्यों का जो आवंटन जाता है केन्द्र की ओर से, वह आवण्टन जनसंख्या के अनुसार जाना चाहिए। जनसंख्या को आधार बनाते हुए चलिए क्योंकि बैंकों का मैं देख रहा हूं, जो मेरे पास फिगर्स हैं, मैं उसमें ज्यादा नहीं जाना चाहता, लेकिन जमा-पूंजी जो हमारे बिहार के बैंकों में है उसके अनुपात में बैंकों का ऋण और बैंकों का खर्च उतना नहीं है, जितना महाराष्ट्र में है, आन्ध्र प्रदेश में है या गुजरात में है या दूसरे प्रदेशों में है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं समझता हूं भारत सरकार अगर निश्चित रूप से कोई अपनी नीति निर्धारित करते हुए इस देश की आर्थिक स्थिति, राजनैतिक स्थिति और सामाजिक स्थित को सुधारने चाहेगी तो निश्चय ही हम सब का सहयोग उसमें उसे मिलेगा। अन्त में, विनियोग विधेयक के लिए मैं यही कहना चाहूंगा कि ग्रामीण विकास के मद में आप कम से कम उतनी राशि जरूर कर दें, जितनी आपने शहरी विकास के लिए रखी है। धन्यवाद।

श्री मूलचन्द मीणा (राजस्थान) : उपाध्यक्ष महोदय, इस देश में बढ़ती हुई जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति ऐसी है, जिससे भारत के भाग्य में लिखा हुआ है कि हमेशा उस्तरे की धार पर रहना पड़ेगा। अभी गए वर्ष में, जो समस्याओं का वर्ष था और दूसरी परिस्थिति थी इस देश में, यह जो अब सरकार है ऐसी परिस्थिति में बनाई गई थी। उस समय देश आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक संकट से गुजर रहा था, देश की अर्थ-व्यवस्था जर्जर हो चुकी थी, देश के अन्दर जो विदेशी पूंजी का भण्डार था वह खाली हो चुका था, विदेशों में देश की साख गिर रही थी और दूसरी दुनिया के देशों को यह विश्वास हो रहा था कि भारत आर्थिक दृष्टि से दिवालिया होता जा रहा है, देश के अन्दर कहीं धार्मिक झगड़े हो रहे थे, कहीं जाति के झगड़े हो रहे थे, ऐसी परिस्थिति में श्री नरसिंह राव जी की सरकार बनी और इस देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए इस सरकार ने कदम भी उठाए। यह सर्वविदित है।

उपाध्यक्ष महोदय, इस सदन का हर सदस्य इस बात को जानता है कि यह नई सरकार जबसे बनी तब से इस देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। आर्थिक स्थिति खराब करने वाली पिछली सरकार थी और यदि मैं उसका नाम लूं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आज स्थिति यह पैदा हुई इन सुधारों के कारण, कि ऋणों की किस्तें चुकाने में आसानी हो रही है। यह तो इस देश की जनता का सौभाग्य था कि इस देश की साख को, इस देश की इज्जत को श्री नरसिंह राव जी की सरकार ने बचाया है और इस देश की साख और इज्जत को बढ़ाया है। दूसरा इस आर्थिक

नीति का उद्देश्य था कि देश के अंदर बुनियादी जो दोष हैं, अर्थव्यवथा के अंदर, उनको दूर किया जाए और ऐसी नीति का आधार रखा जाए जिससे कि देश के अंदर पूंजी का भंडार बढ़े, उत्पादन बढ़े, निर्यात और लोगों की आय बढ़े, नए रोजगार उपलब्ध हों। इस प्रकार की नीति का आधार आज इस देश के अंदर नरसिंह राव जी ने रखा है और उसी का परिणाम है कि आज हमारा विदेशी मुद्रा का भंडार 15 हजार करोड़ है । जो अनिवासी भारतीय थे, वे यहां से अपनी पूंजी निकाल रहे थे, आज उनकी भी रुचि इस देश के अंदर अपनी पूंजी बढ़ाने की हुई है और उसी का परिणाम है कि उन्होंने 6 400 करोड़ रुपए लगाकर हमारी अर्थव्यवस्था में अपना आत्मविश्वास दर्शाया है। आर्थिक सुधारों के मुख्य उद्देश्य हैं कि लोगों को बुंदियादी बीमारी न हो और मजदूरों का शोषण न हो सके, उनके परिवारों को बोझ न झेलना पड़े। श्रमिकों के हितों की रक्षा की यह नीति है । एक वर्ष के अंतराल के अंदर मुख्य रोजगार योजनाएं, संसाधन बढ़ाने पर जोर दिया गया है । ग्रामीण विकास के लिए सिंचाई परिव्यय बढ़ाया गया । 8वीं योजना के अंतर्गत उससे दुगुना खर्च कपने की योजना बनाई गई । आज देश की बैलेंस और पेमेंट की स्थिति में सुधार हुआ है, इसे हम नकार नहीं सकते हैं । आज गांवों और शहरों का जो अंतर था उसको समानता पर लाने के लिए इस देश की योजनाओं के अंतर्गत इस सरकार ने, पिछली कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण विकास के लिए कई योजनाएं लागू की थी और उनसे गांवों का विकास जरुर हुआ है, जितना होना चाहिए था वह नहीं हो पाया, लेकिन कुछ विकास गांवों का जरूर हुआ है । इन कार्यक्रमों को लागू करने में कई दोष हो सकते हैं, कई दलाल लोग बीच में बैठे गए हैं, जितना पैसा केन्द्र सरकार ने गांव के विकास के लिए दिया है उसका सदुपयोग नहीं हो पाया है, लेकिन गांवों का विकास जरुर हुआ है यह हम कह सकते हैं । आई० आर० डी० पी० —गांवों के विकास के लिए और निर्धन लोगों को लाभान्वित करने के लिए योजनाएं बनाई गई । लघु कृषक, शैडयुल्ड कास्ट, शड्यूल्ड ट्राइब्स, विकलांगों के लिए सबसिडी की योजनाएं लागू करके उनके विकास के कार्यक्रम भी इस सरकार ने बनाए और उनको सुचारु रूप से कार्यरूप में, जब से यह सरकार बनी है, बड़े स्तर पर सुचारु रूप से यह कार्य चल भी रहे है। सरकार ने सूखाग्रस्त और मरु-भूमि के विकास के कार्यक्रम भी बनाए है जिससे मरू विकास भी हुआ, सूखाग्रस्त जो एरिया थे, उनमें कुछ राहत भी लोगों को मिली। ग्रामीण क्षेत्र के लिए महिला और बाल विकास के कार्यक्रम भी इस सरकार ने बनाए । आंगनवाड़ी योजना के माध्यम से महिलाओं के ग्रुप को प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए, उनको सबसिडी देकर, रोजगार देकर आगे बढ़ाने के कार्यक्रम भी बनाए। स्वरोजगार योजना के अंतर्गत भी यहां के युवकों को, इस देश के युवकों को रोजगार देने के कार्यक्रम सरकार ने बनाए । हम इन बातों से इन्कार नहीं कर सकते हैं । ग्रामीण युवा रोजगार जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से उन ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए काम किया गया । मिस्त्री का काम उनको सिखाया गया, साईकलिंग का, कारीगरी का काम भी उसको सिखाया गया और उससे गांव के लोगों को काफी राहत मिली है। जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत शैड्यूल कास्ट और शैड्यूल ट्राइब्ज के लाखों कृषकों के लिए 10000 कुए खोदे गए । यह इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि ये कार्यक्रम लागू किए गए गांवों के विकास के लिए गरीबों को उठाने के लिए, गरीबी दूर करने के लिए और इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत पिछले साल 1.22 लाख मकानों का निर्माण कराया गया । यह राज्य सरकारों की रिपोर्ट के आधार पर मैं बता रहा हूं । जो रिपोर्टें राज्य सरकारों से आई हैं उनके आधार पर मैं बता रहा हूं ।

महोदय, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कोष की स्थापना की गई थी 1980 में और उस कोष के द्वारा गांवों के प्रौद्योगिक विकास, वैज्ञानिक शिक्षा, कृषि के अच्छे सिस्टम का ज्ञान कराने के लिए प्रशिक्षण की एक योजना सरकार ने चलाई थी उससे हमारे किसान काफी लाभान्वित हुए हैं । किसानों को जो सब्सिडी मिल रही थी

उसमें जरूर कमी की गई जिससे किसानों का दुखदर्द जरूर बढ़ा है लेकिन आज किसान स्वावलंबी भी बन रहा है, वह किसी पर आश्रित नहीं रहना चाहता, अपनी मेहनत से कमाकर खाना चाहता है।

महोदय, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान के माध्यम से समुदायिक विकास संस्थाओं द्वारा गांवों के अंदर महिलाओं, बच्चों और बेरोजगार लोगों को शिक्षा देने के लिए कार्यक्रम बनाए गए । मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत गांवों का देश है और गांवों का देश होने के नाते जो संतुलन गांवों और शहरों में होना चाहिए वह अभी नहीं है । जितना विकास शहरों का हुआ है, गांवों का उतना विकास नहीं हुआ है । इस विकास को बराबर करने के लिए आपको इन योजनाओं की ओर विशेष ध्यान देना पड़ेगा ।

लघु उद्योगों की बात हम करते हैं । तो लघु उद्योग जो छोटे-छोटे उद्योग हैं, उनको गांवों के अंदर लगाया जाए । छोटे उद्योग यदि गांवों के अंदर हम लगाए तो गांवों के लोगों को ज्यादा रोजगार मिलेगा और पैसा भी कम लगेगा और उत्पादन भी ज्यादा होगा क्योंकि गांवों का आदमी मेहनती होता है, वह मेहनत पर विश्वास रखता है । यदि गांवों का विकास आपको करना है तो कारीगरी, लकड़ी के उद्योग, मिट्टी के उद्योग, रेशम के कीड़ों का पालन, मछली पालन और कताई-बुनाई जैसे छोटे-छोटे जो ग्रामीण उद्योग हैं, वे आपको लगाने चाहिए । यदि इनको योजनाबद्ध तरीके से हम गांवों में लगाते हैं तो गांवों में रहने वाले नौजवान को तो रोजगार मिलेगा ही, इस देश का उत्पादन भी बढ़ेगा, वस्तुएं भी प्राप्त होंगी जिससे आज देश के अंदर जो महगाई बढ़ रही है उस पर रोक लग सकेगी ।

महोदय, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि गांवों की जो योजनाए आपके पास, केंद्रीय सरकार के पास पड़ी हैं चाहे वह राजस्थान की हों, चाहे यू०पी० की हों, चाहे हरियाणा की हों, चाहे बिहार की हों, जो योजनाए गांवों के विकास के लिए हैं उनको तत्परता से यहां से स्वीकृत करके उन पर कार्य आरंभ करना चाहिए । आज देश के अंदर ऐसी परिस्थिति पैदा हो गई है कि कहीं देश के अंदर सूखा पड़ रहा है, कहीं बाढ़ आ रही है, ऐसी स्थिति को रोकने के लिए और किसानों को सिचाई के लिए साधन उपलब्ध कराने के लिए चाहे आप बड़े बांध बनाकर कीजिए । या छोटे बांधों के माध्यम से पानी की सुचारु व्यवस्था आप करेंगे तो निश्चित ही गांव का आदमी अपनी मेहनत और अपनी ताकत के साथ इस देश के विकास में सही मायने में अपना योग दे सकेगा । इससे गांवों का विकास होगा । तभी माना जाएगा कि देश का विकास हुआ है ।

महोदय, इस संबंध में मैं कुछ सुझाव माननीय मंत्री जी को अपनी ओर से देना चाहता हूं । आज जो राजकीय कोष की फिजूलखर्ची हो रही है उसको रोका जाए और इस देश की पूंजी को बढ़ाने के लिए फिजूलखर्ची को रोककर देश की खुशहाली और विकास के लिए छोटे-छोटे उद्योग गांवों के अंदर लगाए जाए । ग्रामीण लोगों को सबसिडी देकर उनका आर्थिक विकास किया जाए । अगर आप इस पैसे का प्रयोग वहां करेंगे तो प्रगति होगी । आज यह परिपाटी बन गई है, जैसा कि जगदीश प्रसाद माथुर साहब ने कहा था, इस सरकार ने कर्ज लिया है । कर्ज लेना कोई पाप नहीं है । कर्ज लीजिए, यदि आपकी साख है तो उस कर्ज को चुकाने में सक्षम हो सकते हैं । चन्द्रशेखर जी की सरकार ने इस देश का सोना गिरवी रख दिया था क्योंकि उनको कर्ज नहीं मिल पाया, उनकी साख नहीं थी । लेकिन नरसिंह राव जी की सरकार ने इस सोने को जो गिरवी रखा था, उसको छुड़वाया । आज देश की सरकार की साख बनी है । तो कर्ज लेना पाप नहीं है । लेकिन मंत्री जी से मैं कहना चाहूंगा कि आज अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोश से विस्तृत कोश सुविधा के अंतर्गत कर्ज न लेने का फैसला आप करें । यदि आप कर्ज लेते हैं तो आपको उसके लिए मैं कुछ ऐसे सुझाव दे रहा हूं जिनके आधार पर आप को कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी । आपका प्रतिरक्षा पर जितना खर्च होता है उस पर मक खर्च

[श्री मूल चन्द मीणा]

करें । दूसरे फिजूल खर्ची की जो बड़ी योजनाए हैं उनको बिलकुल बंद कर दें ।..

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : फिजूलखर्च की बड़ी योजना है ?

श्री संघप्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : ठीक कह रहे हैं, आप सही कह रहे हैं, आप की सरकार की योजना है.... (व्यवधान)

श्री मूलचन्द मीना : जिस तरह से फिजुलखर्ची की जाती है उसको रोकें ।

तीसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि सरकार के जो अनुत्पादक खर्चे हैं, उनको रोकें । चौथे मैं कहना चाहता हू कि अमीरों को दी जाने वाली सबसिडी को रोकें । पांचवें मैं कहना चाहता हू कि आपको प्रत्यक्ष करों में यदि वृद्धि करनी पड़े तो कोई दुख नही होगा । प्रत्यक्ष करों को लागू करना चाहिए काफी तादाद में ताकि उससे पैसा मिल सके । छठे मैं यह कहना चाहता हू कि आप निश्चित मात्रा में अनुमानित कर लगाइए। अगर कोई कर चोरी करता है तो उस पर फौजदारी का अपराध आपको बनाना चाहिए । तब जाकर आपकी जो आर्थिक स्थिति है वह सुधरेगी और आपकी जो आय है वह दुगनी हो जाएगी ।

महोदय, इस देश के अन्दर जो खदानों का भंडार है यदि हम उनका सदुपयोग करें, उन को निकालने के लिए यदि सरकार के पास संपूर्ण साधन नहीं है क्योंकि सरकार की आर्थिक स्थिति खराब है, लेकिन यह हमें संपूर्ण साधन मिलें तो इन खदानों से बहुमूल्य खनिज निकालकर भारत देश पूंजीपति राष्ट्रों की श्रेणी में गिना जाने लगेगा ।

इतना ही मेरा निवेदन है । धन्यवाद ।

SHRI KAMAL MORARKA (Rajasthan): Sir, two Appropriation Bills before the House are comparatively for a very small amount. My colleague, Shri Shankar Dayal Singh, has already pointed ont that unfortunately the excess expenditures are not in the most desirable areas. For rural development the additional expenditure is only Rs. 3 lakhs while in other areas the expenditure is much more. I don't want to dwell on the appropriation amounts. I take this occasion rto have an overview of the economy. For the last one year the Government has formulated various policies which they have called "a package of reforms." I have never agreed with the term "reformat because "reforms" means you improve) something. I don't think your package of changes could really improve the economy. Certain steps you took in the -beginning and it has been repeated *ad nauseam* by the Ministers and Members of the other side that the balance of payments position was bad and the country was about to default. You have improved the balance of payments position. Let us examine that, Sir. Today, your balance of payments shows a good balance. But, as we all know, the balance of payments for a country is like what cash balance for an individual is. It only indicates how much money you have in the bank. It is not indicated whether it is your earning or whether it is a loan ar whether it is a debt that we have to repay at a kigb -ost. In the present balance of payments of the country, except for a very small amount which has come in as Non-repatriable money, most of the money is on onerous terms. The debt burden onthe country by way of debt-servicing, interest and repayment has increased considerably over the past one vear. I will just give one figure and (hat is from July, 1991 to June, 1992. During this one year out of the aid that we have received, 90 per cent had gone for debt-sei vicing. In this House and, I am sure, outside economists had been saying for the last five years that India was going towards a debt trap. I remember, when Mr. Pranab Mukherjee was the Finance Minister, he said about India's debt-service ratio, "I am worried, but it is not alarming". At that time we could not understand why we were differentiating these two English words. The fact

remained that the conidtion was steadily deteriorating. Today, you have come to a condition when the debt-service ratio is about 30 per cent. In answer to a question once the Finance Minister said, "We will try to maintain the ratio for the next few years". During the last one year when they devalued the rupee, there was a lot of criticism. Devaluation as a step, in any eountry at any time, will be controversial. I don't want to go into the merits and demerits of it today .The Government has devalued the rupee according to their wisdom. But if they had only said that they devalued the rupee to bring if at the realistic value of the rupee to avoid *hawala* transactions and flourishing black market in the rupee, it would have been a different matter. What they said was that the export would go up and wih the devaluation of the rupee there would be a buoyaney in the exports. Now, what is the performance in the last one year? In the last One year we see that as compared to 1990-91, 1991-92 figure of exports has shown a decline of 3.9 per cent. I know that they would immediately say that the Soviet Union has collapsed. In dollar erms, even otherwise, the fifhures are not encouraging. On the other hand, the imports have gone up by 24.71 per cent in dollar terms. In rupee terms I am not comparing because there i_s a devaluation. Sov the figures are not comparable. In dollar terms our imports are going up staggeringly at this rate. These are April-May figures of this year which I am comparing to th_e April-May figures of last year—April-May, 1992 compared to April-May, 1991. The two months' balance of payments deficits is 945 million dollars. I dont' think the Indian economy will be able to sustain this. I don't know. You must be having information. Mr. Chidambaram was very optimistic about exports. Unfortunately he is gone. I don't know what the Government's game plan *k.* I request the Government to keep a very close watch on the export and import balance and if exports are really not going up for any reason, may be. because of the Soviet Union collapsing or, may be there is an international reecsssion in the West ; you must understand that also. After all, you talk of global integration. You most understand that you are not functioning in isolation. So, even if your goods, arts good, if there is a recession in the West, you will not be able to export yow goods. For any reason if the exports are not in keeping with your predictions' or your assessment you must clamp down on imports. Unfortunately, the vocabulary here ig changed because at a particular time when Mr. Yashwant Sinha was the Finance Minister we had to) clamp down on imports. The Finance Minister today says that savage import compression of the type that existed last year will not help the eountry. I don't understand this. I don't want to use that adjective. I can use even better adjectives. I am not concerned about it. We are discussing cold economics. If your exports are not keeping pace, you will have to ont imports. What is the point of not curbing imports? Why are you shutting your eyes to one option that you have? Yes, you can say. "We are keeping a dose watch; if need be, we will curb the imports." But this is not the case. We have announced an import—export policy where import has been given a very wide leeway. I don't understand. I can understand that imports of goods into India may be very good for the American economy. I don't think it is very good for economy. At one level you say the Indian industry should become competitive and on the other level you unleash not only raw material imports—* if you see allowing import of raw materials, it is a different tiling—you are allowing imports of finished goods, intermediate imports. In the electronic sector the type of imports that are allowed has almost wiped out the local electronics industry. So, we must understand what we are doing. Mr. Shankar Dayal Singh was saying that India is not a poor country. It is a rich country made uP of poor people. That is correct. I want to add something'. Another poverty has come in this country—the poverty of thought. It has not existed here before. When Pt. Jawaharlal Nehru was here we in this country had embarked upon

unique ideas. Non-alignment was a unique idea produced by our country. Some of my friends will not be in agrees ment with what Pt. Jawaharlal Nehru did. That is a different matter. But it was an original idea and people like us were totally blind followers of that ori ginal idea. It was an idea suited to India. Similarly, you take self-reliance or the economic sphere. When Mrs. Gandhi was Prime Minister, one thing she wiped out permanently—at least she thought it was permanently, we thought it was permanently; this Government, of course, makes us rethink—We thought that food shortage was permanently wip ed out from this country by the green revolution. That was the single biggest contribution of Mrs. Gandhi to this country. What is the Government doing for the last one year? Every step that we are taking is to undermine the food grain production of this country. We are talking of reducing fertilizer subsidy. I am not saying this. In (his House I myself said that on subsidy we should have a fresh look, but not the way the World Bank wants us to do. The World Bank is saying the subsidy to farmers should be cut. The Finance Minister and other Government spokesmen have said that even if fertilizer prices go up we . will compensate the far- mers by higher procurement prices. Theorotically to is all right. But they must know that 70 per cent of the farmers of this country do not have surplus to sell. They can never be compensated by procurement prices. Whatever they are growing, it is only for their own consumption.

Economists are very wise people. I don't think I am competent enough to cross swords with them. But there is a certain basic ethos in this country. I don't think any amount of imported wis dom will be able to change that ethos. One basic ethos of this country is self-sufficiency in food, which is something that we heve learnt to live by. When we are in school what we were told was very insulting. We were told that out of every three *Ckapatis* we eat one comes from America because there was large scale wheat supply from America, most of it under some aid or grant. Mrs. Gandhi wiped that out. Today, at least, the present generation will not know what is PL-480. They have not heard of it, because they know that this is a country which is growing food for l/7th of humanity. We are talking of America. Suppose you want to copy, at least, you copy someone successful. Even when a student copies he copies from an intelligent student. If you copy from a student who is not going to be successful, you will also fail. If you want to copy the Americans, they are failing today. We shoud have copied America 30 years back. In our wisdom we decided to go with Russia. *(Interruptions)* I am only making a point. We know that in 1965, America commanded 39 per cent of the world GDP. That has come down to 28 per cpat. We know about the American economy. President Bush is running helter-skeltev to get re-elected because of the local economy. America is in trouble; and we in our wisdom feel that we must copy America. In my opinion we should copy nobody. Accordifng to me, we should copy nobody because our problems are unique, our people are unique, our country is unique. You will have to' find a unique solution and you will have to find it here. But in case you decide to copy because some industrialists, some people, my colleagues in the industry arid all who are very much enamoured by technology and progress want it — I do not know: I join issue with them— even if you want to do it, then copy Japan whose GDP share in the world has increased from 3 per cent to 16 per cent In the same period-. Copy Germany who after unification with East Ger_ many is also tryng to be a threat 'to America in the economic sphere. My problem is poverty of thought. We have suddenly given up. It looks to, me that the Government has given up the will to run this country with self-respect and dignity. Every second and third day we bring this World Bank issue—some seeds, some other thing. Yesterday I raised the World Bank issue. Mr. Shankar Rao Chavan said "I know. You people want to

make political capital". How can we? Do we for a moment believe that the Congress party will rale for ever for ever? This country does not belong to them. The country belongs to all of us. Where is the question of political capital in this? Is the World Bank a part of the Congress party? If we are criticising the World Bank, this World Bank is an institution in America. Wei should 'not allow the World Bank to push us around and I mean all of us. r do not know why a thing like this should be taken on partisan lines. The scam took place. I do not know. But any other self-respecting Government would have resigned. If the Government had resigned, at least some pe-ople responsible) would have resignad. Here we find nobody is bothered. On the contras-y when the discussions came up you are trying to put the Opposition on the defensive. I do not understand all this. The scam has taken place and can a country of India's size and size of the economy, afford a scam running into thousands of crores of rupees? Surely, we cannot. .. *(Interruptions)*

SHRI S. K.T. RAMACHANDRAN: (.Tamil Nadu); It was done during your period.

SHRI KAMAL MORARKA; Thank you. Mr. Ramachandran. This is the (rouble. The whole approach *h* you'rs and mine. This is the whole approach. He is just supporting me. This is exactly what I am saying.

SHRI S. K.T. RAMACHANDRAN: The scam is there. T do not support you. I wanted to say that it was there in your period also. You initiated it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): What he says is that we cannot afford it.

SHRI KAMAL MORARKA: Mr. Ramachandran, do not say that. I haven't made a charge that you have done the scam. You are going beyond that. I like to keep political decorum. f have not named a single person and I am not the type. But if you want to cross swords I have got enough facts and figures to embarrass you and you will not be able to speak. I do not want to go into that.

SHRl S. K.T. RAMACHANDRAN: It is a system failure. We have accepted if. Why should we resign?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Who has accepted it? Nobody has accepted it. We have a Joint Parliamentary Committee to look into it.

SHRI KAMAL MORARKA; Let us come to the basics. In the case of balance of payments, the efforts made by this Government are commendable. I share their views that in India if we want some medium of progress our foreign exchange reserves should be at a satifactory level. They will agree with me when I say that that level can be maintained only if we have a favourable balance of trade. Unless your exports and invisible earnings are more than your imports you will not b_e able to maintain that reserve. Exports are going down, for whatever reason. You may give the reason of the Soviet Union. I am not blaming you. These are the cold facts. You must keep control. You must keep an eye on imports and curtail imports whenever required to see that the balance of payments is maintained. That is number 1. Number 2, oil. As you all know, in Mrs. Indira Gandhi's lime the three Rs food, fertilizers and fuel were considered th_e three foreign exchange guzzlers. In the case of food, she wiped if out successfully. No foreign exchange has to be wasted on account of food. In the case of fertilizer, there is still a short-fall. Now, Sir, fuel. The ONGC in 1980, started the Bombay High and a stage came when 50 per cent of back. Now only 33 per cent is met by indigenous production. Do we know the position today? We have slipped back. Now only 33 per cent is met by llocal production. Why? Because consumption goes up every year. If your production does not keep pace it is one thing but it has come down. In 1989-90 it was 33 million to'nnes. In 1990-91 it was 34.09 million tonnes when the infRcient Governments were functioning, And in 1991-92 when a great popular and

[Shri Kamal Morarka] efficient Government took over, it is 38 million tonnes. The production has gone down by 4 million tonnes. More than 10 per cent. Do we understand this? Do we debate this? If we have to import four million tonnes of oil it will make nonsense of all economic calculations that you are making. Of course, these things are all inter-linked. If you don't want to import oil, you must curb its consumption and this is again interlinked with the Energy policy. Therse are all vi tal issues. But the fact remains that as things stand today, despite your best calculations, you will not be able to de liver the goods. Oil production has gone down. Export is not going up. In your own wisdom, you have allowed free im ports. And we talk of inflation. I don't have to tell people about what the wheat and rice prices are. In Delhi, the prices are exactly double what they were one-and-a-half years back. You say, in Aug ust, 1991, the inflation rate was 16.7 per cent and we have brought it down to 9.1 per cent. Sir, those statistics are all very good. But the fact of the matter is, my driver was telling me that for wheat, he has to pay about 70 per cent more than what he was paying a year-and-a-half ago. Again, is not a question of who is responsible. But the poor ma$_n$ is not getting his foodgrains and in this coun try 90 per cent of the people's main ex penditure is on foodgrains. So your wholesale price index and retail price in dex which contains a basket of other items aire of no relevance to the ipoor man. You tell him what is the price of wheat, rice and cooking oil. That is all he *h* concerned with. And, Sir, these pri_ ces are totally out of control. Coming! ' to economics, your money supply, you yourself have projected a target rate of 13 per cent but the actual money sup ply is 18.5 per cent. Of course, part of it *h* because of the balance of pay ment and foreign exchange reserves. Last yeatr, the reserves had gone up. That is an economic fact. But the fact of the matter is, you cannot sustain your reform programme at a money sup-ply rate of 18.5 per cent. That is very well known. The World Bank and IMF also will tell you that. On food, I have already said and on exports also, 1 have already said. I want to make only two appeals before I close my submission. I want to make only two appeals before I close my submission. One is, there is no empirical data which is available to know as to how much of import* is related to industrial production. Every time we say that you curb imports, the! Government says that the industrial pro-duction has gone down and to bring industrial production up, imports have to be allowed. The fact of the matter is, visually also as you see, that a l°t of useless items have been allowed to be imported to India. The luxury items which are competitive to the Indian in-dustries certainly do not help th$_e$ Indian industries. Mrs. Gandhi, by nationalising the banks, had created a new class, the National Entrepreneurial Class, and lakhs of new entrepreneurs came UP running small industries, medium industries, etc. Today they are under fear of extinction because if you unleash the multinationals on them, they will not be able to withstand the competition. I don't know; you say—in the long-run it is good for the country like somebody has said in America that in the long-run we all will be dead. But in the short-term for the small and medium entrepreneurs, it is bad. You must have a relook at the imports. I am not trying to say that you have a savage import compression, as you call it. But you must put some restrictions on miports. It will help you to implement year own plan. I know that the World Bank and the IMF do! not like these import restrictions. Sir, I may repeat for their benefit; Japan' and Korea are examples which we always give. They have got very high tariff structure. Japan does not allow rice to be imported even today when the cost of .production rice there is totally uneconomical. But because of their farmers, they don't allow its import. Every country has a right to protect its self-interests. So certain barriers should be threre in spite of the IMF and the World Bank.

You must face up with them. But unless you keep an eye on imports, your reform programme will go astray. And

we all will have to pay a heavy price for it. That is the one request that I want to make. The second request that I would make to the Government is, oil and food production are the) two basics in the economy. Please take it on a war-footing. Please see that they don't slip down. According to the World Bank Development Report—they have made two predictions—by 1997 and by 2007 A.D., they have estimated the foodgrains production required to be of the order of 210 million tonnes and 280 million tonnes respectively. With the present rate at which we are going, it will reach a plateau. This year we are importing wheat and in another few years, if self sufficiency on food goes away, no amount of Logic and no amount of economic calculations will work. Thank you, Sir.

श्री छोटूभाई पटेल (गुजरात) : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे देश की अर्थ-व्यवस्था का आधार सामान्यतः कृषि पर है । हर रोज लाखों लोग गावों से शहरों में आ रहे हैं । इसका अर्थ यह होता है कि गांवों में इम्प्लायमेंट के बारे में जो सुविधाएं होनी चाहियें वह सुविधाएं उनको नहीं मिल रही हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार के पास दो तीन बातें रखना चाहूंगा । हमारे देश में जो हमें ज्यादा चिंता हो रही है वह इंप्लायमेंट जनरेशन की है । हम कहते हैं कि 8वें फाइव इयर प्लान में हम लोग 10 हजार करोड़ लोगों को रोजी दिलाएंगे । बड़ी अजीब सी बात है कि हम अब देख रहे हैं कि हर एक क्षेत्र में छंटनी हो रही है । रेलवे के बारे में मैं कहूं तो हर साल 58 हजार वर्कर्स 19 सेंटर्स के जरिये लिया जाते थे क्योंकि इतने ही कर्मचारी हर साल अपने रिटायरमेंट के कारण जाते थे । मगर अभी इसमें 50 प्रतिशत कर्मचारियों की कटौती करने का आदेश दिया गया है । आप पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं कि उसमें भी डेमोक्लिस स्वोर्ड हर एक कर्मचारी के सिर पर लटक रही है । हर एक क्षेत्र में इंप्लायमेंट जनरेशन होना चाहिए । वह नहीं हो रहा है ।

कृषि के बारे में मैंने हाउस में बार बार कहा है । आदरणीय फाइनेंस मिनिस्टर भी स्टेट के यहां हैं । मैं कहना चाहूंगा कि कृषि में 15 परसेंट—प्रायोरिटी सेक्टर ने जो ऋण मिलता है इसे कम करने के लिए यहां बार बार कहा जाता है जबकि 15 परसेंट से कम किया जाए हालांकि वे कम नहीं करते । डी०आर०आई०, डिफरेंट रेट आफ इंटरेस्ट के तहत 4 परसेंट से जो ऋण मिलता है इसमें भी इस साल बहुत कटौती की गयी है । यह पहले खूब ज्यादा मिलता था । हर एक क्षेत्र में सब्सिडी वें हटा रहें है । मैं समझता हूं कि सब्सिडी प्रोडक्शन के साथ लिंक अप होनी चाहिए । वें वहीं कर रहें है। दूसरा द्वारा कोई खोलते हैं तब हमें पहला द्वार बंद करना चाहिए । वह हम नहीं कर रहें हैं । आल्टरनेटिव नहीं दे रहे है । एक अजीब सी बात है जो खादी पर सब्सिडी दी गयी थी वह भी हटा रहे हैं । मगर सारे देश के बड़े लोग यहां आये, दिल्ली में आये, कुछ बात समझाई और फाइनेंस मिनिस्टर ने तब मान लिया ।

जहां लघु उद्योग चलते हैं, जहां कृषि उद्योग चलते हैं वहां इंप्लायमेंट जनरेशन होता है और हमारे देश में कृषि में ज्यादा से ज्यादा इंप्लायमेंट जनरेशन होता है, जितना जनरेशन और क्षेत्र में नहीं होता है, इसके बावजूद भी कृषि को जो बेटेज देना चाहिए वह हम नहीं दे रहें हैं । उद्योग को हम ज्यादा बेटेज दे रहे हैं । कृषि में बिजली की समस्या है, पानी की समस्या है, बैंकों के जरिये जो ऋण मिलता है वह जितना मिलना चाहिए उतना नहीं मिल रहा है, वह समस्या है । ये समस्या हमें निपटानी चाहिवें ताकि कृषि में उत्पादन बढ़ा सकें । हर साल जितनी कीमतें बढ़ती जा रही हैं उसके रेशियो में, उसके परिमाण में कृषि की उपज के प्राइसेज ज्यादा नहीं बढ़ते हैं चाहें गेहूं हो, राइस हो चाहें और धान हो । तो फारमर्स को जितना पैसा मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है । इससे थोड़ी श्रद्धा कृषि के प्रति कम हो रही है । वह भी अच्छी बात नहीं है । हर एक चीज में श्रद्धा हमारी कम हो

रही है । वह अच्छी बात नहीं है । भगवान के प्रति, चाहे पत्थर हो चाहे मन्दिर हो मस्जिद हो उसके प्रति हमारी भावना कम नहीं होती है, हमारी श्रद्धा कम नहीं होती है । इसके अलावा और भी कई चीजें

2 P. M. हैं, जिनके प्रति हमारी भावना कम हो रही है । वह अच्छी बात नहीं है, देश के लिए सही बात नहीं है ।

तो कृषि के बारे में जितनी प्राईस हमारे फार्मर्ज को मिलनी चाहिए, उतनी हम दे नहीं रहे हैं और हमारा प्रोडक्शन जो हो रहा है, इसके भंडारण के लिए, प्रिजर्वेशन के लिए जो हमारी सुविधा होनी चाहिए, वह हमारे पास उतनी नहीं है, जितनी होनी चाहिए । वह सुविधा मुहैया करवाने के लिए सरकार को सोचना चाहिए ।

फार एक्जांपल, फिशरीज के बारे में जो फोरटीन स्टेट्स समुद्र के किनारे पर है, वह अपना फिश क्राप समुद्र से या तो नदी से, या तालाब से 80 प्रतिशत लेते हैं, पर उसके प्रिजर्वेशन की कोई व्यवस्था नहीं है । उनका प्रोडक्शन खराब हो जाता है । उनको आमदनी ज्यादा नहीं मिलती है और कमर्शियल एजेंट्स, जो बड़े-बड़े सिटीज जैसे बम्बई, मद्रास, कलकत्ता और दिल्ली तक पहुंचाने के लिए उसको कम दाम देते हैं, खुद ज्यादा लेते हैं, ज्यादा मुनाफा लेते हैं और लोगों में बड़ी कीमतों पर वह बेचते हैं। तो उसमें भी फार्मर्स को बड़ी हानि होती है तो प्रिजर्वेशन के बारे में हमें शीघ्र ही कुछ सोचना चाहिए ।

अभी मैंने पहले भी कहा था--कृषि के बारे में स्व० इन्दिरा गांधी जी ने एक नेशनल प्रोग्राम बनाया था और आई०ए० डी०पी० योजना 2 अक्तूबर, 1980 से कार्यान्वित की गई थी । तो इसमें हमारे एक प्रोग्राम था, स्पेशल एग्रीकल्चरल फार स्माल और मार्जिनल फार्मर्स, वह अब बंद कर दिया है । यह अच्छी बात है कि हमारी गुजरात गवर्नमेंट ने यह प्रोग्राम चालू रखा है । गुजरात गवर्नमेंट ने सेंटर से रिक्वेस्ट की है कि यह कृषि का प्रोग्राम कंटिन्यु रखें ।

मैं अपने डिस्ट्रिक्ट की बात करूं, तो 1991-92 के दौरान इस योजना के तहत 72 लाख रुपये मिले थे, लेकिन इस साल एक भी रुपया नहीं मिला है । गुजरात गवर्नमेंट ने 22 लाख 1992-93 के दौरान दिया है क्योंकि एलोकेशन कम है और सेंटर का एलोकेशन तो इसमें है ही नहीं। तो मैं जहां देखता हूं... **व्यवधान**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Mr. Minister, you take note of this point. This is a point which has been agitating the minds of many of us.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SHANTARAM POTDUKHE): Yes, Sir.

श्री छोटूभाई पटेल : छोटे तबके के लोगों के लिए जितनी योजनायें है, वह योजनायें धीरे-धीरे खत्म कर दी जा रही हैं । इस ओर सरकार सीरियस नहीं है । हमारे देश में स्मॉल एंड मार्जिनल फार्मर्ज, कृषि श्रमिकों का बहुत ज्यादा परसेंटेज है । गरीब और धनिक के बीच में अंतर बहुत बढ़ता जा रहा है। इसका अर्थ यही है कि हमारी प्लानिंग में कुछ कमी है ।

गुजरात गवर्नमेंट ने कृषि के बारे में, बिजली के बारे में कितनी ही दर्खास्तें भेजी हैं, छोटी-छोटी इरिगेशन स्कीम्स, मिडल लैवल की इरिगेशन स्कीम्स जो हैं, नर्मदा की बड़ी-बड़ी स्कीम्स के बारे में मैं नहीं कह रहा हूं । तो जो छोटी, मध्यम प्रकार की स्कीम्स हैं, उनको आप ग्रीन सिगनल क्यों नहीं दे रहे हैं? इसलिए हमें चिंता है कि साल 2000 तक, एट दी इंड आफ दिस डिकेड हमें 24 करोड़ टन अनाज चाहिए । अभी तो 175 लाख टन पर हम आ चुके हैं । काफी लम्बा फासला है । कैसे हम प्रोडक्शन कर पायेंगे, क्योंकि फाइनेंस की ओर से हमें सपोर्ट नहीं मिल रहा है और सपोर्ट आप किसको दे रहे हैं । जिनके पास पैसे है, उनको आप सपोर्ट दे रहे हैं और जिनके ऊपर एक्शन लेना चाहिए, वह आप नहीं ले रहे हैं । छोटे-छोटे तबकों के लोगों पर आप एक्शन

ले रहे हैं। अभी-अभी जो हमारे लास मेकिंग 98 यूनिट्स हैं, इसमें एक लाख वर्कर्ज़ काम करते हैं, सिक यूनिट्स जो 50 हैं, उनमें चार लाख वर्कर्ज़ काम करते हैं। तो इसको मद्देनजर रखते हुए, हमारी जो मिक्सड इकानोमी थी, वह मिक्सड इकानोमी चरमरा रही है। इसका अर्थ यही होता है कि गरीबों के प्रति आपका जो रुख है वह रुख आप धीरे-धीरे बदल रहे हैं। अभी जो स्कैम के बारे में बड़ी अजीब सी बात है 42 साल से हम देखते रहे हैं हम महसूस करते रहे हैं कि सर्विस रूल के मुताबिक जिस पर एक्शन लेना चाहिए हम हरेक डिपार्टमेंट में लेते रहे हैं, मगर स्कैन में दो हजार से ज्यादा छोटे-मोटे बड़े बैंक आफिसर्ज सम्मिलित हैं उन पर हम सर्विस रूल्ज के मुताबिक एक्शन नहीं ले रहे हैं। एडमिनिस्ट्रेटिव प्रोसीजर जो करनी है वह हम नहीं कर रहे हैं। अब तक कई आफिसर्ज को हमें रिहा कर देना चाहिए था। वह केस चलता रहता है, प्रोसीजर चलती रहती है। बाद में जो नतीजा आता रहता है उसको हम बाद में नतीजे के मुताबिक रख सकते हैं। पर आप एक्शन क्यों नहीं ले रहे हैं, यह बड़ी अजीब सी बात है। ऐसी बात हमने कभी देखी नहीं है। हमने न सुनी है, न देखी है और न पढ़ी है। आदरणीय मंत्री जी इसके बारे में आप गौर से सुनें, स्कैन के बारे में जे०पी०सी० हैं इसलिए मैं ज्यादा नहीं कहना चाहूंगा, पर बड़ी सीरियस बात है। बड़ी छोटी सी बात है, वह तो प्राइमाफेसी केस तो आपने देख लिया है, तो इसके मुताबिक आप क्यों आफिसर्ज पर सर्विस रूल्ज के मुताबिक एक्शन नहीं ले रहे हैं? सर, मैं आपके माध्यम से सरकार की ओर से जानना चाहूंगा कि आप क्यों सेव कर रहे हैं? ... **(व्यवधान)**

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष जी, आप मदद कर दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): मैं उनको नहीं रोकता हूं।... **(व्यवधान)** वह बोल दें। ... **(व्यवधान)** मैं बोले देता हूं उनको। ... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य: कोरम भी नहीं है। ... **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: कम से कम जो सत्तारूढ़ पार्टी है इसको तो सजग होना चाहिए। माना कि यह कंवेंशन नहीं है लेकिन... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I agree...

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: इनका फाईनांस बिल है और उसके बाद भी यहां पर जो है इनके ... **(व्यवधान)** खाली पड़े हैं। यह कितना इनका फाईनांस बिल के प्रति कर्तव्य है?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I will convey that to the Minister of Parliamentary Affairs.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: मैं मानता हूं कि कंवेंशन है लेकिन कुछ रूल भी हैं... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I agree with you.

श्री छोटूभाई पटेल: सैवन्थ फाईव ईयर प्लान के अंत तक सरकार कहती है कि 27 परसेंट गरीबी की रेखा के नीचे लोग रह जायेंगे, पर हमने अभी 7 हजार से 11 हजार कर दिया है तो आपके माध्यम से सरकार से मैं जानना चाहूंगा कि गरीबी की रेखा के नीचे जो परसेंट अभी रह गए हैं तो अब टर्म्ज बदल गई हैं 27 परसेंट से ज्यादा हो जाये क्योंकि हमने बढ़ा दी है। मगर हमें जब साढे छः हजार से 11 हजार करना चाहिए था जिससे 4 परसेंट के इन्टरेस्ट के मुताबिक यह लोग ऋण ले सकें। वह हमने ज्यादा नहीं बढ़ाया है। वह भी आपके माध्यम से मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहूंगा कि इसके बारे में भी हमें कुछ सोचना चाहिए। सर, हमारे देश में छोटी-मोटी परि-

(श्री छोटू भाई पटेल)

योजनाएं हैं उनके जरिए हम जो रेनफेड एरिया है इसको हम ग्रीन बना सकते हैं। मान लीजिए कि राजस्थान में इंदिरा गांधी परियोजना अभी भी पूरी नहीं हुई है और हमारी नर्मदा की योजना भी काफी लंबी जाएगी, तो हमारे देश में टोटल लैंड जो है 32.8 करोड़ लैंड है। इसमें से जो एग्रीकल्चर के लिए 18.6 करोड़ हेक्टेयर्ज जमीन है इसमें से अब तक हमने सैवन्थ फाईव ईयर प्लान के मुताबिक सिर्फ 11.3 करोड़ हेक्टेयर जमीन को पानी देने का प्लानिंग किया था। मैं मान लेता हूं कि होगा, मेरे फिगर तो है ही नहीं, मगर लास्ट में हमारा एक नेशनल ग्रिड योजना जो है उसमें साढ़े तीन करोड़ हेक्टेयर जमीन हम उसको फायदा दे पायेंगे। मगर वह कब पूरी करेंगे, क्योंकि हमारे पास अभी रेनफेड एरिया जो है वह उसके बाद भी 3.8 करोड़ हेक्टेयर वह एरिया हमारा रहेगा नेशनल ग्रिड की योजना के पूरा हो जाने के बाद। तो इसके बारे में आपका क्या प्लानिंग है। कभी-कभी हम शॉर्ट-टर्म प्लानिंग करते हैं, करना पड़ता है, मगर मिड टर्म और लौंग टर्म की भी हमें प्लानिंग करनी चाहिए। हमारे देश हिन्दुस्तान में हमारे कल्चर, हमारी डिमाण्ड के मुताबिक, हमारी जो अर्थ-व्यवस्था है, हमारी जो सामाजिक व्यवस्था है, हमारी जो राजकीय व्यवस्था है, उसके मताबिक हमें प्लानिंग करना चाहिए, लेकिन उसके मुताबिक हमारी सरकार प्लानिंग नहीं कर रही है।

महोदय, एडीबल ऑयल के लिए हम कई करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा खर्च कर रहे हैं। मैं कहूंगा कि हमारा 70 परसेंट रेनफेड एरिया है, इसमें ज्यादा से ज्यादा भूमि को हम एडीबल ऑयल की योजना के तहत ला सकते हैं, मगर इसके लिए हम सीरियसली नहीं सोच रहे हैं। तो यह ऑयल-मैनेजमेंट के बारे में हमें बहुत सीरियसली सोचना चाहिए। मैं बार-बार कंसलटेटिव कमेटी में और इस हाऊस में कह चुका हूं कि हमारे देश में जो 14 स्टेटस समुद्र के किनारे हैं...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAOESH DESAI): Don't talk about the Consultative Committe*.

श्री छोटू भाई पटेल: अच्छा। तो पोटेन्शियलिटि है। अब अगर हम फिशरीज की पोटेन्शियलिटि को उपयोग में ला सकें तो जितना पैसा हम खर्च करेंगे उससे ज्यादा हमें मिल सकता है। इसके बारे में मैं तो कहूंगा कि फिशरीज डिपार्टमेंट को मिनिस्टरी में तब्दील किया जाए क्योंकि आज इसके साथ सौतेली मां की तरह व्यवहार हो रहा है, छह अलग-अलग मिनिस्टरी इसके साथ सौतेला व्यवहार करती हैं। इससे भी हम बहुत कुछ पाएंगे।

लास्ट में, सर, हमारे देश में कृषि विज्ञान केन्द्र (के०वी०के०) 360 होना चाहिए, मगर हमारे पास आज सिर्फ 18 चल रहा है, जिसके जरिए हम ट्रांसफर आफ टैक्नोलोजी पहुंचा सकते हैं। मैं चाहूंगा कि कृषि के लिए ज्यादा धनराशि दी जाए। कृषि उद्योग, जिस पर हमारे देश के करोड़ों लोग निर्भर हैं, लघु उद्योग पर भी करोड़ों लोग निर्भर हैं तो लघु उद्योग और कृषि पर आधारित अन्य एक्टिविटिज जो हैं, एलाइड एक्टिविटिज जो हैं उसके लिए ज्यादा से ज्यादा धनराशि दी जानी चाहिए। मैं दुबारा यही कहूंगा कि कृषि को जितना वेटेज दिया जाना चाहिए, उतना हम नहीं दे रहे हैं। हम उद्योग को ज्यादा वेटेज दे रहे हैं, मगर कृषि को नहीं दे रहे, जिस पर हमारे पूरे देश की अर्थव्यवस्था आधारित है। इससे हमारी सामाजिक असमानता ज्यादा बढ़ गई है, वैलेन्स आफ पेमेन्ट की बात जो हो रही है और जो समाज में अव्यवस्था की बात हो रही है, अगर हम कृषि पर ज्यादा धन देंगे तो मुझे लगता है कि चूंकि हमारा देश कृषि प्रधान देश है इसलिए हमारा आर्थिक संतुलन इससे थोड़ा सुधरेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा कि गुजरात की ओर से जो छोटी-मोटी योजनाओं के प्रस्ताव

आए हैं कृषि के बारे में, बिजली के बारे में या दूसरे, जितनी जल्दी हो सके उनको सेंक्सन किया जाए। इसके लिए चाहे पर्यावरण मिनिस्टरी से बात करनी हो, चाहे कॉमर्स मिनिस्टरी से बात करनी हो, चाहे फाइनेन्स से बात करनी हो, चाहे इण्डस्ट्रीज से बात करनी हो, चाहे ऊर्जा मिनिस्टरी से बात करनी हो, सबसे करके इन योजनाओं को स्वीकृति दिलाई जाए। मेरा सरकार से यही अनुरोध होगा कि कृषि के साथ जो इरिगेशन, ऊर्जा, फाइनेन्स कॉमर्स, इण्डस्ट्रीज, जितने संबंधित मंत्रालय हैं, वे सब साथ में बैठकर एक कंप्रहेन्सिव पालिसी बनाएं ताकि हमारे देश की इकोनोमी बढ़ सके, देश को प्रगति हो सके और देश में रहने वाले जितने हमारे करोड़ों लोग हैं वह अहसास कर सकें कि हम हिन्दुस्तान में गौरव के साथ रह सकते हैं। धन्यवाद।

श्री गया सिंह (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इस विनियोग विधेयक पर सरकार का ध्यान खींचना चाहता हूं। मैं तो नया सदस्य हूं। कल से सभी माननीय सदस्यों की बात सुन रहा हूं और मेरे मन में कुछ बातें ऐसी हैं जो मैं चाहता हूं आपके सामने रखूं। हो सकता है कुछ माननीय सदस्यों को अच्छा न लगे, लेकिन आज जो समस्या इस मुल्क की है और इस मुल्क के लोगों की जो उम्मीदें हैं, वह बताना जरूरी है। कल से मैं सुन रहा हूं कि यह जो सरकार आई है, इसने सभी क्षेत्रों में बहुत ही प्रगति की है। हमारी धारणा इसके विपरीत है। हम समझते हैं कि इस देश में आजादी के बाद जो सरकार अभी वर्तमान सरकार है, जितनी भी सरकारों की कमजोरियां इससे पहले रही हों, यह सरकार उन सब कमजोरियों को लेकर आई है और हमारा मानना है कि इस मुल्क की आजादी के बाद जो हमारे नेताओं ने इस मुल्क के विकास के लिए उद्देश्य सामने रखा था, उसको यह नकार रही है। आज हमारे कई माननीय सदस्यों ने कहा कि स्वावलंबन की ओर हमको जाना था, आत्मनिर्भर इस देश को बनाना था और इसीलिए हमने इस देश में बड़े-बड़े उद्योग लगाने का यह विचार किया। आज उसको नकारा जा रहा है और कहा जा रहा है कि इसके चलते इस देश का विकास रुका है। मैं कुछ एग्जाम्पल के साथ कहना चाहता हूं कि आज उस पर विचार किया जाए और सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह जो सरकारी क्षेत्र के बारे में धारणा सरकार की बनी है, वह उनकी धारणा नहीं है। यह धारणा, जो आजादी के बाद से साम्राज्यवादी अवशेष इस मुल्क के अंदर थे और जो बाहर से लगाई हुई आग थी, जिनको बहुत पीड़ा हो रही थी कि इस मुल्क में इतने उद्योग बढ़ रहे हैं, चाहे वह स्टील के क्षेत्र में हों, चाहे वह कोयले के क्षेत्र में हो, चाहे पावर के क्षेत्र में हों, . . . **(व्यवधान)** . . .

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उपसभाध्यक्ष जी, मैं रूलिंग पार्टी के सदस्यों की उपेक्षा के प्रति, आप नोट कर लीजिए कि रूलिंग पार्टी से केवल एक सदस्य है, मैं सदन से बहिर्गमन करता हूं। इनकी जिम्मेदारी है कि जब विनियोग विधेयक आए तो कम से कम इनके मैम्बर तो मौजूद रहें। इनकी जिम्मेदारी ज्यादा है। इसलिए रूलिंग पार्टी के सदस्यों की गैर हाजरी के कारण मैं सदन से बहिर्गमन करता हूं।

(माननीय सदस्य सदन से चले गए)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): It is very unfortunate that except one Member, there is no Member from the ruling party.

श्री गया सिंह : सर, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह बात सही है कि हमारे सत्तारुढ़ दल के साथी, माननीय सदस्य कोई नहीं हैं, लेकिन फिर भी . . **(व्यवधान)** . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): It is very unfortunate.

श्री गया सिंह : जिस बात की मैं चर्चा कर रहा था कि दुनिया की मल्टी

(श्री गया सिंह)

नेशंस और साम्राज्यवादी हुकूमत जिस काम को आजादी के 40 साल में नहीं कर सकी, जिसके लिए उन्होंने बहुत सारा खर्चा किया, बहुत सारी कोशिश की, लेकिन हमारे नरसिंह राव जी के सरकार में आते ही, बगैर खर्चा किए, आसानी से उस काम को किया। इस तरह से इससे हमारे देश की अखंडता और एकता पर खतरा है। सर, इस पब्लिक सैक्टर के माध्यम से, वह आज कह रहे हैं कि यह पब्लिक सैक्टर आज घाटे में चल रहा है, सिक इंडस्ट्री हो गया है इस देश के अंदर और उसके ऊपर विश्व बैंक और आई०एम०एफ० के लोन का हवाला दिया जा रहा है। माननीय सदस्यों ने कहा भी है कि लोन लेना कोई गलत नहीं, हम भी समझते हैं कि कर्जा लेना चाहिए। लेकिन 1991 में, जब यह सरकार आई, उस समय हमारे मुल्क पर क्या कर्जा था? एक साधारण आदमी भी जो हिन्दुस्तान का है, जिस पर जो कर्जा था, वर्ल्ड बैंक में, आई०एम०एफ० लोन के प्रेशर में हमने रुपए का मूल्य घटा दिया और रुपए का मूल्य घटा देने से इसे मुल्क में जितना हमारे ऊपर कर्जा था, उस डॉलर वेल्यू से 20 प्रतिशत ज्यादा कर्जा हमारे ऊपर हो गया है। आज जो हम इम्पोर्ट कर रहे थे, जो सामान हम विदेशों से लेते थे, उस पर 25 प्रतिशत कर्जा बढ़ गया। माननीय सदस्यों से यह मैं कहना चाहूंगा और एक एग्जाम्पल मैं स्टील का दूंगा।

